Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 07 | मंगलवार, 07 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## बीजापुर में नक्सलियों का आईईडी ब्लास्ट

# बीजापुर में पुलिस वाहन उड़ाया, आठ बलिदान

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के थाना कुटरू क्षेत्र अंर्तगत बेदरे मार्ग पर ग्राम अम्बेली के पास जवानों को लेकर जा रहे एक स्कार्पियो वाहन को नक्सलियों ने सोमवार दोपहर आईईडी विस्फोट कर निशाना बनाया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के आठ जवानों कोरसा बुधराम, सोमडू वेंटिल, दुम्मा मड़काम, बमन सोढ़ी, हरीश कोर्राम, पण्डरू पोयम, सुदर्शन वेटी, सुभरनाथ यादव का बलिदान हो गया और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर तुलेश्वर राना, ग्राम आरापुर, जगदलपुर की भी मौत गई। बस्तर आईजी सुदरराज पी. ने इसकी पुष्टि की है।



रविवार को नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद ये सभी आठ जवान आज स्कार्पियो वाहन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आज दोपहर 14:15 बजे आईईडी से विस्फोट कर जवानों को लेकर जा रहे स्कार्पियो वाहन को आईईडी से विस्फोट कर वारदात को अंजाम दिया, जिसमें दंतेवाड़ा डीआरजी के सभी आठ जवानों का बलिदान हो गया और एक सिविलियन वाहन के ड्राइवर की भी जान चली गई। इस विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ने के साथ जवानों और वाहन ड्राइवर के भी चिथड़े उड़ गए। बताया गया कि विस्फोट इतना जबरदस्त था कि वाहन कई फीट तक ऊपर उछल गया और जमीन में भी कई फीट का गड्ढा हो गया। घटनास्थल नक्सलियों के इस भीषण वारदात की कहानी को बयां कर रहा है। नारायणपुर में हुई मुठभेड़ के बाद चार दिन तक जंगल में पैदल चलने के बाद जवान थके हुए थे, इसलिए वे एक स्कार्पियो वाहन सीजी 17 केडब्लयू 7937 में सवार हो गए थे। इस वाहन को उड़ाने के लिए बड़ी मात्रा में बारूद का उपयोग किया गया था। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। वाहन के कुछ हिस्से 30 फीट दूर तक बिखर गये, वहीं एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर भी वाहन के कलपुर्जे लटके मिले। नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट के बाद जवानों पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग भी की, जिसके खोखे भी बरामद किए गये हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुःख व्यक्त करते हुए एक्स पर लिखा कि बीजापुर जिले के कुटरू में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 8 जवानों के बलिदान सहित एक वाहन चालक की मौत की खबर अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शहीदों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

## मार्च 2026 तक भारत से खत्म कर देंगे नक्सलवाद : अमित शाह



**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के आठ जवानों और एक नागरिक ड्राइवर की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म कर देगी। उन्होंने आगे कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। गृह मंत्री ने लिखा कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में क्प्ऊब्लास्ट में DRG के जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुःखी हूँ। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता हूँ। अमित शाह ने आगे कहा कि इस दुःख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे। वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा ने आज क्प्ऊ विस्फोट में हमारे 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हुए हैं। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं।

## एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं, स्थिति पर नजर रख रही सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भारत में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के मामले सामने आने के बाद सोमवार को कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है और देश में किसी भी सामान्य श्वसन वायरस रोगजनक में कोई वृद्धि नहीं देखी गई है। नड्डा ने एक वीडियो संदेश में कहा कि चीन में एचएमपीवी की हालिया खबरों के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्रालय, आईसीएमआर, देश की शीर्ष स्वास्थ्य अनुसंधान संस्था और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) चीन और अन्य पड़ोसी देशों में स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने स्थिति का संज्ञान लिया है और शीघ्र ही रिपोर्ट हमारे साथ साझा करेगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम के पास उपलब्ध श्वसन वायरस के लिए देश के आंकड़ों की भी समीक्षा की गई है और भारत में किसी भी सामान्य श्वसन वायरस रोगजनकों में कोई वृद्धि नहीं देखी गई है ।इस स्थिति की समीक्षा के लिए 4 जनवरी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की अध्यक्षता में संयुक्त निगरानी बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा, देश की स्वास्थ्य प्रणालियां और निगरानी नेटवर्क यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क हैं कि राष्ट्र किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौती का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार रहे। चिंता की कोई बात नहीं है, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## ठिठुरने के लिए रहें तैयार... होगी बारिश, अभी और गिरेगा पारा

**नई दिल्ली।** पश्चिम हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में चोटियों पर भारी हिमपात हुआ है। इससे इन राज्यों के साथ ही आसपास के अन्य मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ गई है। पश्चिम विक्षोभ और पूर्वी हवाओं के संपर्क में आने से 10-12 जनवरी के बीच उत्तर पश्चिम भारत में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री तक गिरावट भी आ सकती है। वहीं, पंजाब में अगले तीन दिन धुंध को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बीते 24 घंटों के दौरान कड़ाके की ठंड महसूस की गई। मंगलवार को पंजाब में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है।



वहीं, 10 जनवरी को पंजाब में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके असर से तीन दिन पंजाब में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई गई है। पंजाब के तापमान में सोमवार को 0.4 डिग्री की कमी दर्ज है। जम्मू-कश्मीर बीते 24 घंटे के दौरान भारी हिमपात हुआ। इसके बाद रात के पारे में वृद्धि दर्ज की गई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया जो एक दिन पहले शून्य से 2.5 डिग्री नीचे था।

## बिधूड़ी के बयान पर रो पड़ीं दिल्ली सीएम आतिशी

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी रो पड़ीं। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी 80 साल के हो गए। उन्होंने हजारों बच्चों को पढ़ाया है। वो इतने बीमार रहते हैं कि बिना सहारे के चल तक नहीं पाते। रमेश बिधूड़ी अपने काम पर वोट मांगें। मेरे पिता को गाली देकर वोट नहीं मांगें। उन्होंने मेरे पिताजी को गालियां दीं। देश की राजनीति घटिया स्तर पर पहुंच चुकी है। बिधूड़ी बताएं कि 10 साल में लोगों के लिए उन्होंने क्या किया? बिधूड़ी ने कहा था कि आतिशी मालेर्ना से सिंह हो गई। उन्होंने अपना बाप बदल लिया। रमेश बिधूड़ी की अपमानजनक टिप्पणी पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी जी आप ही सिखाते हैं?

## डीटीसी बस कंडक्टर को ड्राइवर ने मारी गोली, लाश लेकर पहुंचा थाने

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सोमवार को एक डीटीसी बस कंडक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि साथी बस ड्राइवर ने ही कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद बस ड्राइवर ने खुद आत्मसमर्पण कर दिया लेकिन इससे पहले उसने शराब पी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार रात उत्तरी दिल्ली जिले के अलीपुर इलाके में हुई। वारदात से पहले दोनों एक वैन के अंदर एक साथ शराब पी रहे थे। मृतक की पहचान योगेश के तौर पर हुई है जबकि हत्यारोपी का नाम मंजीत है। घटना से पहले दोनों के बीच बहस हुई थी। विवाद बढ़ने पर नशे में धुत योगेश ने मंजीत की छाती पर गोली मार दी और आत्मसमर्पण करने के लिए वैन में मृत शरीर को लेकर अलीपुर पुलिस स्टेशन पहुंच गया। योगेश ने क्यों मारा मंजीत को? एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंजीत ने कत्ल की बात कबूल कर ली है और उसके खिलाफ हत्या का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी और पीड़िता, दोनों मोहम्मदपुर गांव के निवासी थे, करीबी दोस्त थे।

## चीन के वायरस की भारत में दस्तक, पांच बच्चे संक्रमित

**नई दिल्ली।** ह्यूमन मेटानिमोवायरस ने भारत में भी दस्तक दे दी है। देश में इसके पांच मामले सामने आए हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में दो-दो और गुजरात में एक बच्चे में एचएमपीवी की पुष्टि हुई है। वैसे किसी भी बच्चे का विदेश यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। कर्नाटक में जिस एक बच्चे की एचएमपीवी रिपोर्ट पाजिटिव आई थी, वह ठीक होकर घर भी जा चुका है। इस बीच भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइएसीएमआर) और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने साफ किया है कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित बढ़ोतरी से निपटने को पूरी तरह से तैयार है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।




**बेंगलुरु में तीन महने की बच्ची HMPV से संक्रमित :** बता दें कि एचएमपीवी मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करता है, जिससे सामान्य सर्दी-जुकाम जैसा संक्रमण होता है। बेंगलुरु के बैपटिस्ट अस्पताल में ब्रोंकोपन्यूमोनिया की हिस्ट्री वाली तीन महीने की एक बच्ची को भर्ती कराने के बाद उसके एचएमपीवी से संक्रमित होने का पता चला। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बच्ची को ठीक होने बाद छुट्टी दे दी गई है। इसी अस्पताल में आठ माह के एक बच्चे का तीन जनवरी को कराया गया एचएमपीवी टेस्ट पाजिटिव पाया गया। वह भी अब ठीक हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ये दोनों मामले आइसीएमआर के नियमित निगरानी से सामने आए।

वायरस संक्रमण पर नजर रखने के लिए न्यूमोनिया के कुछ मामलों का लेबोरेटरी में सैंपल भेजा जाता है ताकि संक्रमण करने वाले वायरस की सही पहचान की जा सके। चेन्नई में एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दो बच्चों में ह्यूमन मेटानिमोवायरस की पुष्टि हुई है और उनका इलाज चल रहा है। ये दोनों मामले चेन्नई शहर के दो-दो अलग अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। उधर, गुजरात के अहमदाबाद के अस्पताल में भर्ती जिस बच्चे में एचएमपीवी की पुष्टि हुई है, वह राजस्थान के डुंगरपुर का है। इस बीच राजस्थान सरकार ने कोविड, स्वाइन फ्लू और इंफ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से ओपीडी एवं आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### सर्दियों में फैलता है वायरस, पूरी तरह इलाज संभव

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर अतुल गोयल के अनुसार एचएमपीवी वायरस नया नहीं है और भारत समेत दुनिया के सभी देशों में लंबे समय से सक्रिय रहा है। सामान्य न्यूमोनिया वायरस की तरह सर्दियों में इसके संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन भारत में इसका संक्रमण बढ़ने का कोई संकेत नहीं मिला है।

## कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने अपने पद से दिया इस्तीफा



**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को पद से इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने मीडिया से कहा कि ''आंतरिक लड़ाई' का मतलब है कि वह अगले चुनाव में ''सबसे अच्छा विकल्प नहीं हो सकते हैं। ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने अपनी लिबरल पार्टी के अध्यक्ष से नए नेता के चयन की प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। ट्रूडो को अपने नेतृत्व को लेकर बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा था। पिछले साल के अंत में वित्त मंत्री के अचानक इस्तीफे से ट्रूडो के नेतृत्व वाली सरकार के भीतर उथल-पुथल का संकेत मिला। इस्तीफे की घोषणा से कुछ समय पहले, एक अधिकारी ने बताया था कि संसद 24 मार्च तक निलंबित रहेगी। संसद का सत्र 27 जनवरी को फिर से शुरू होना था। इस दौरान लिबरल पार्टी के नेतृत्व का चुनाव होगा।

## प्रशांत किशोर गिरफ्तार, फिर रिहा

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना के गांधी मैदान में आमरण अनशन पर बैठे जन सुराज पार्टी संस्थापक प्रशांत किशोर को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद प्रशांत किशोर को सोमवार शाम को जेल से रिहा कर दिया गया। जमानत लेने से इनकार करने पर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। दिन में गिरफ्तारी के बाद अदालत में पेश किए जाने पर उन्होंने जमानत की शर्तों को ह्यअनुचितह्ल करार दिया था। यह तुरंत पता नहीं चल पाया है कि किशोर ने यहां की एक अदालत द्वारा लगाई गई जमानत शर्तों को स्वीकार किया या अदालत ने अपने आदेश में संशोधन किया।



इससे पूर्व, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने किशोर और उनके समर्थकों को प्रदर्शन स्थल से हटा दिया। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन प्रतिबंधित क्षेत्र के पास किया जा रहा था और इस तरह से उनका प्रदर्शन 'गैरकानूनी' था। बीपीएसपी द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित की गई परीक्षा के प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में किशोर ने दो जनवरी को आमरण अनशन शुरू किया था और अनशन के पांचवें दिन उन्हें गिरफ्तार किया गया। जन सुराज पार्टी के समर्थकों के अनुसार, पुलिस किशोर को उनकी मेडिकल जांच के लिए पटना के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि किशोर को हिरासत में लेते समय सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ हाथापाई और धक्का-मुक्की की। जिलाधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि इस दौरान किशोर के 43 समर्थकों को हिरासत में लिया गया और तीन ट्रैक्टर सहित 15 वाहन जब्त किए गए। सिंह ने दावा किया, ह्यहिरासत में लिए गए 43 लोगों में से 30 की पहचान कर ली गई है। पता चला है कि उनमें से एक भी व्यक्ति, छात्र या बीपीएससी अभ्यर्थी नहीं है।

### सीएम योगी ने सभी जिलों के लिए दिए सख्त निर्देश

## उत्तर प्रदेश में सर्किल रेट के मानकों में बदलाव



**लखनऊ।** डीएम सर्किल रेट तय करने में अब किसी तरह की मनमानी नहीं चलेगी। प्रदेशभर में सर्किल रेट के पुनरीक्षण से पहले राज्य सरकार नए सिरे से मानकों का निर्धारण करेगी। सभी जिलों में सर्किल रेट (कलेक्टर दर सूची) के पुनरीक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर बैठक बुलाई थी। सूत्रों के अनुसार, सर्किल रेट के पुनरीक्षण संबंधी स्टांप एवं पंजीयन विभाग के प्रस्तुतीकरण को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्किल रेट के पुनरीक्षण में विसंगतियों को पहले दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे से लगे एक गांव का सर्किल रेट पास के ही दूसरे गांव से क्यों कम ज्यादा रहता है? मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में एक समान मानकों के अनुसार सर्किल रेट का निर्धारण किया जाए।

मानक समान होंगे तो सर्किल रेट में किसी तरह की मनमानी से विसंगति नहीं होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सर्किल रेट के निर्धारण का मानकीकरण करने के लिए विभाग नियमावली में संशोधन करेगा।

## संपादक की कलम से

# ताकि बाल मन रहे सुरक्षित

निस्संदेह, डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को गहरे तक प्रभावित किया है। आज सोशल मीडिया युवाओं के संवाद का अभिन्न माध्यम बन गया है। लेकिन इसके साथ तमाम तरह के जोखिम भी जुड़े हैं, जिनसे किशोरों को बचाने की सख्त जरूरत है। भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है। दरअसल, इन प्रावधानों की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है कि पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है।



ललित शर्मा
संपादक

# नेताओं की बढ़ती सम्पत्ति गरीबों को मुंह चिढ़ा रही है



भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है।

विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो।

> विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं।

यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क ?ीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें क ?ीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सम्पत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो, या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी सम्पत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों को मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं- जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है, तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वगीर्कृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है।

भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ.0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है। वहीं, बिहार, झारखंड, और उत्तर प्रदेश में गरीबी दर सबसे ज्यादा है। बिहार में 51.91 प्रतिशत, झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 के मुताबिक, भारत को 127 देशों में 105वां स्थान मिला। भारत, अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, और बांग्लादेश से भी पीछे है। भारत में भुखमरी की वजह से अक्सर मौत भी हो जाती है। भुखमरी के कारण बच्चों और वयस्कों में कुपोषण, बौनापन, और दुर्बलता हो सकती है। भुखमरी सिर्फ.भोजन तक सीमित नहीं है, यह सरकार की जरूरतमंद लोगों की मदद करने में विफलता को दशार्ता है। भारत में भुखमरी की समस्या मुख्य रूप से बिहार, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश में है। इन राज्यों में से, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारत की कुल भूखी आबादी का एक तिहाई हिस्सा है।

भारत में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जिसके विभाग को सौ प्रतिशत भ्रष्टाचार से मुक्त कहा जा सकता है। राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किन्तु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है।

देश में भ्रष्टाचार, गरीबी और भुखमरी के बीच नेताओं की बढ़ती हुई सम्पत्ति में बेशक सीधा कोई संबंध न हो किन्तु सवाल तो उठना लाजिमी है। यक्ष प्रश्न यही है कि करोड़ों की आबादी के पास दो वक्त का खाना नहीं है तो नेताओं की सम्पत्ति आखिर कैसे बढ़ रही है। ऐसे नेताओं की भी कमी नहीं है, जिनके आर्थिक हैसीयत राजनीति में आने से पहले आम लोगों जैसी थी, किन्तु जनप्रतिनिधि और मंत्री बनते ही उनकी सम्पत्ति में उछाल आ गया। देश में जब तक गरीबी, बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्याएं रहेंगी तब तक नेताओं की सम्पत्ति देशहित के दावों की धज्जियां उड़ाती रहेंगी। **-योगेंद्र योगी**

## मोनिका डागा

## तुमसे मेरा जीवन

कविता



इन सुंदर प्रेम लफ्जों में पिरोदूं तुम्हें,
₹आनंदर₹ संगीत सुमधुर गुनगुनाऊं,
तुम्हारे चाहत की सच्ची प्रीत पिया,
ये प्यारा बंधन खुशी से मैं निभाऊं ।

कभी रूठ गए जो तुम गर मुझसे,
प्यार के मीठे-मीठे बोल सुनाऊं,
तुमसे ही है मेरा जीवन जगमग,
तुम्हें इसका प्यारा एहसास कराऊं ।

तुम्हारे गमों में सहभागी बन हरदम,
हिम्मत और हौसला दे कदम बढ़ाऊं,
जिंदादिली से अपनी जीवन बगिया का,
हर कोना इन्द्रधनुषी रंगों से सजाऊं ।

हाथों में तुम्हारा हाथ थाम पिया जी,
जीवन का सुख-दुख संग जीती जाऊं,
सज-धज सोलह साज श्रृंगार मनोहर,
घर आंगन ढेरों खुशियां नित बिखराऊं ।

ईश्वर से तुम्हारे मंगल की करूं प्रार्थना,
दुनिया की बुरी नजरों से सदा बचाऊं,
व्रत, उपवास करूं चितमन से मैं सारे,
तुम्हारी जीवनसंगिनी प्रियतमा कहलाऊं ।


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे गंभीर चुनौती



ललित गर्ग



डिजिटल होते बच्चों पर बढ़ते खतरे चिन्ता का बड़ा कारण बन रहे हैं। बच्चों के स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं तो बढ़ ही रही हैं, बच्चे अलगाववादी, हिंसक एवं अस्वस्थ गतिहीन जीवनशैली के अंग बनते जा रहे हैं। छोटी अवस्था में बच्चे अधिक समय ऑनलाइन बिताने के कारण साइबरबुलिंग, ऑनलाइन शिकारियों और अन्य जोखिमों के शिकार भी हो रहे हैं। सोशल मीडिया बच्चों एवं युवाओं के संवाद का जैसे-जैसे अभिन्न माध्यम बन रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह के जोखिम एवं खतरे भी जुड़ते जा रहे हैं, जिनसे बच्चों एवं किशोरों को बचाने के लिये भारत में वर्ष 2023 में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट लाया गया, इस एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों पर बढ़ रहे खतरों से सुरक्षा देने के लिये एक प्रभावी एवं सराहनीय कदम है।

पांच वर्ष से अठारह वर्ष के बच्चों में मोबाइल, इंटरनेट एवं टेक्नोलॉजी एडिक्शन की लत बढ़ रही है, जिनमें स्मार्ट फोन, स्मार्ट वॉच, टैब, लैपटॉप आदि सभी शामिल हैं। यह समस्या केवल भारत की नहीं, बल्कि दुनिया के हर देश की है। ऐसे अनेक ऑनलाइन लत के शिकार रोगी बच्चें अस्पतालों में पहुंच रहे हैं, जिनमें इस लत के चलते बच्चे बुरी तरह तनावग्रस्त थे। कुछ दोस्त व परिवार से कट गए, कुछ तो ऐसे थे जो मोबाइल न देने पर पेरेंट्स पर हमला तक कर देते थे। बच्चे आज के समय में अपने आप को बहुत जल्दी ही अपनी उम्र से ज्यादा बड़ा महसूस करने लगे हैं। अपने ऊपर किसी भी पाबंदी को बुरा समझते हैं, चाहे वह उनके हित में ही क्यों ना हो। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को उजागर किया।

इंटरनेट की यह आभासी दुनिया ना जाने और कितने मासूम व छोटे बच्चों को अपने जाल में फंसाएगी और उनका जीवन तबाह करेगी? बच्चों के इंटरनेट उपयोग पर निगरानी व उन्हें उसके उपयोग की सही दिशा दिखाना बेहद जरूरी है। यदि मोबाइल की स्क्रिन और अंगुलियों के बीच सिमटते बच्चों के बचपन को बचाना है, तो एक बार फिर से उन्हें मिट्टी से जुड़े खेल, दिन भर धमा-चौकड़ी मचाने वाले और शरारतों वाली बचपन की ओर ले जाना होगा। ऐसा करने से उन्हें भी खुशी मिलेगी और वे तथाकथित इंटरनेट से जुड़े खतरों से दूर होते चले जाएंगे। इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग की वजह से साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। हमारी सरकार एवं सुरक्षा एजेंसियां इन अपराधों से निपटने में विफल साबित हो रही हैं। आज के डिजिटल युग में, माता-पिता के पालन-पोषण का तरीका भी काफी हद तक बदल गया है। टेक्नोलॉजी के बढ़ते चलन और डिजिटल उपकरणों के व्यापक उपयोग के साथ, डिजिटल युग में बच्चों के पालन-पोषण में और ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

आभासी दुनिया के तिलिस्मी संसार के कारण जीवन में आ रहे बदलाव ने कई ज्वलंत एवं चुनौतीपूर्ण मुद्दों को सामने ला दिया है, जिनसे माता-पिता को जूझना पड़ता है, जिससे पालन-पोषण का कार्य और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऑनलाइन सुरक्षा से लेकर स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और लगातार विकसित हो रहे डिजिटल परिदृश्य का हिस्सा बनने तक, माता-पिता के लिए खुद ही यह काफी नया सा है। खुद को जानकारी से लैस करके और सक्रिय दृष्टिकोण अपनाकर, हम अपने बच्चों को जिम्मेदारी से डिजिटल दुनिया में सावधानीपूर्वक हिस्सा बनने के लिए सशक्त बनाते हुए उनके लिए एक स्वस्थ और संतुलित डिजिटल वातावरण बना सकते हैं। अपने बच्चों को तकनीक का उपयोग ऐसे तरीकों से करने में मदद करें जो रचनात्मकता और सीखने को बढ़ावा दें। उन्हें शैक्षिक ऐप तलाशने, डिजिटल कला बनाने या कोडिंग जैसे नए कौशल सीखने के लिए प्रोत्साहित करें। इससे उन्हें तकनीक को सिर्फ. मनोरंजन के बजाय विकास एवं ज्ञान अर्जन के साधन के रूप में देखने में मदद मिल सकती है। तकनीक के अच्छे और बुरे दोनों पक्षों को जानकर और स्पष्ट सीमाएँ निर्धारित करके, हम बच्चों को उनके स्क्रीन समय के साथ एक स्वस्थ संतुलन बनाने में मदद कर सकते हैं। इस तरह, वे बचपन की खुशियों का अनुभव करते हुए तकनीक के लाभों का आनंद ले सकते हैं, जिसमें बाहर खेलना, दोस्तों के साथ समय बिताना और अपने आस-पास की दुनिया की खोज करना शामिल है। मोबाइल एवं डिजिटल साइट पर कुल निर्भरता बढ़ गई है। लोग अपने फोन एवं इन्टरनेट का इस्तेमाल खाना खाते समय, लिविंग रूम में और यहां तक कि परिवार के साथ बैठकर उपयोग करते हैं। कम से कम अस्सी प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता अपने फोन पर तब भी होते हैं, जब वे अपने बच्चों के साथ समय बिता रहे होते हैं और वे अपने बच्चों, परिवेश पर ध्यान नहीं देते हैं और जब उनके बच्चे उनसे कुछ पूछते हैं तो वे चिढ़ जाते हैं।

दरअसल, भारत सरकार के डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को अधिक प्रभावी एवं कारगर बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। बच्चों में बढ़ती ऑनलाइन गैमस् की आदत भी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है, इसके घातक परिणाम भी सामने आ रहे हैं और लोगों के बीच इसे लेकर चिंता बढ़ रही हैं। इसलिये दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन गेम की लत से बचाने के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने पर गंभीरता से विचार करें। आज इंटरनेट का दायरा इतना असीमित है कि अगर उसमें सारी सकारात्मक उपयोग की सामग्री उपलब्ध हैं तो बेहद नुकसानदेह, आपराधिक और सोचने-समझने की प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियां भी बहुतायत में मौजूद हैं। आवश्यक सलाह या निर्देश के अभाव में बच्चे ऑनलाइन गेम या दूसरी इंटरनेट गतिविधियों के तिलिस्मी दुनिया में एक बार जब उलझ जाते हैं तो उससे निकला मुश्किल हो जाता है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। एक और रणनीति यह है कि बच्चों को तकनीक का संयम से इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करें और इसे पढ़ने, बाहर खेलने और परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने जैसी अन्य गतिविधियों के साथ संतुलित करें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह एक गंभीर चुनौती है और इस चुनौती का गंभीरता के साथ सामना करने की जरूरत है।

# विकास के कार्यों में नहीं रहने दी जाएगी धन की कमी : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा

वेलकम इंडिया



हरियाणा/हिसार। वर्तमान सरकार एक्टिव मोड में है। पहली बार प्रदेश में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी है। सरकार का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के साथ साथ विकास के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाना है।

यह बात लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को गांव सातरोड खुर्द में नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने उपरांत नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए कही। समस्याओं को सुनने उपरांत मौके पर ही कैबिनेट मंत्री ने उनके निदान की दिशा में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बरवाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को पहली बार जिताने पर सभी का धन्यवाद करने के साथ साथ ग्रामीणों को नए साल की शुभकामनाए भी दी, साथ ही कहा कि विकास के कार्यों में धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव सातरोड खास एवं खुर्द सहित आसपास की कालोनियों में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से तालाब नवीनीकरण, पाइप लाइनों को बिछवाने के कार्यो के साथ साथ गलियों के निर्माण के कार्य किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक नारे के साथ हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के कार्य करवाने का काम करती है। इसका उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार बनते ही शपथ लेने उपरांत मंच से उतरने से पूर्व बिना पर्ची-बिनी खर्ची के 25 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर ज्वाइनिंग लेटर भेजने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने उपरांत प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के गांवों में धन्यवादी दौरे के लिए स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे जल्द ही आपके बीच भी पहुंचेंगे।

इस मौके पर नगर निगम कमिश्नर नीरज कुमार, माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेश ग्रेवाल, सरपंच दयानंद, एमसी कृष्ण सैनी, बिजेंद्र शर्मा, रामदेव आर्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराबी पति पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव श्याम गढ़ी में शराबी पति ने नशे में धुत होकर अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला करते हुए घायल कर दिया। अन्य परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला ने उपचार कराने के बाद पति के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव श्याम गढी निवासी महिला सुमन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति राजीव आए दिन शराब पीकर पीड़िता के साथ मारपीट करता है। जब महिला की मदद के लिए पड़ोस के लोग आते हैं तो आरोपी पति उनके साथ भी बुरा बर्ताव करता है। सोमवार की सुबह आरोपी पति राजीव शराब के नशे में धुत होकर घर आया, महिला के साथ अभद्रता करने लगा। महिला ने जब शराबी पति की हरकतों को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी पति ने पास रखे डंडे से महिला पर हमला कर दिया।

# पतंजलि योगपीठ एवं भारत स्वाभिमान के तीस वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस मनाया



वेलकम इंडिया

लखनऊ। राजाजीपुरम स्थित सिटी मानटेसरी स्कूल मे पतंजलि योगपीठ एवं भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पतंजलि योग समिति लखनऊ पश्चिम के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश की अध्यक्षता मे हुआ। जिसमें मंच संचालन की मुख्य भूमिका पतंजलि योग समिति के युवा प्रभारी एवं लोकबंधु अस्पताल मे कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य पं नवीन ने निभाई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डा अर्चना भटनागर उपस्थित रही। कार्यक्रम की सुरवात दीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम मे सगुन यादव, सपना यादव, सलोनी यादव और अथर्व श्रीवास्तव ने योग की भव्य प्रस्तुति से सबका हृदय जीत लिया। सरस्वती वंदना ज्योति दीक्षित और राजेश द्वारा गीत प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम अध्यक्ष विजय बहादुर और परामर्शदाता वेदप्रकाश गुप्ता ने उदबोधन देकर मार्गदर्शन किया वही कार्यक्रम संयोजक शैल सचान ने महिलाओ को जागरूक किया। युवा प्रभारी योगाचार्य पं नवीन ने बताया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम मे अहम भूमिका मे दुर्गेश, अशोक त्रिपाठी, पूजा यादव,सुरेश शर्मा, कपिलदेवशर्मा ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर जैन, शनी सिंह, त्रिभुवन, रुपेश मिश्रा, अखिलेश निगम,उपस्थित रहे।

# बुनियाद प्रतिभा खोज परीक्षा को लेकर हुई बैठक



संतकबीरनगर। सोमवार को विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में प्रधानाचार्य मुनीर आलम खान की अध्यक्षता में बुनियाद प्रतिभा खोज परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। इस दौरान कमरे आलम सिद्दीकी ने बताया कि बुनियाद टीम 2010 से निरंतर इलाके में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयत्नशील है। प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली इस परीक्षा को और बेहतर तरीके से करने के लिए हम कोशिश कर रहें हैं। आगामी 9 फरवरी को परीक्षा होगी। उन्होंने परीक्षा और पुरस्कार वितरण समारोह को लेकर जरूरी जानकारी दी। आयोजक व प्रधानाचार्य मुनीर आलम खान ने कहा कि बुनियाद लगातार बेहतर काम कर रहा है। हम सभी को अपना सहयोग देना चाहिए। बैठक को हाजी वसी अहमद खान,मुहम्मद उमर सिद्दीकी, राजेश पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर महताब आलम, खुर्शीद आलम, मुहम्मद परवेज अख्तर, मनव्वर हुसेन, अतहरूल बारी, नूर आलम, नफीस सिद्दीकी, अतीक अहमद, जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।

# परम पूज्य संत परमानन्द की प्रेरणा से आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर का समारोह समापन हुआ

वेलकम इंडिया



मथुरा। परम पूज्य संत परमानन्द की प्रेरणा से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह 6 जनवरी 2025 को श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिविर के आयोजक श्री अमरीश अग्रवाल, नई दिल्ली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह शिविर न केवल नेत्र रोगियों के उपचार का माध्यम है, बल्कि समाज सेवा का एक अद्भुत उदाहरण भी है।

उन्होंने कहा, यह देखकर गर्व और खुशी होती है कि कल्याणं करोति जैसी संस्था नेत्र स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर इसे एक जन आंदोलन का रूप दे रही है। इस शिविर में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जिस समर्पण और कुशलता के साथ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं, वह सचमुच सराहनीय है। यह न केवल नेत्रों की रौशनी लौटाने का प्रयास है, बल्कि लोगों के जीवन में नई उम्मीदों और खुशियों की किरण बिखेरने वाला एक महान कार्य भी है।

श्री अग्रवाल ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि ऐसे शिविर उन समाज के वर्गों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, जो आर्थिक या अन्य किसी कारण से अपनी नेत्र समस्याओं का उपचार कराने में असमर्थ हैं। उन्होंने शिविर में सेवा दे रहे डॉक्टरों, स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा, ॢआप सभी का यह समर्पण और परिश्रम समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला रहा है। यह केवल चिकित्सा सेवा नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है ॢ

समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के प्रयास समाज को एकजुट करने और परोपकार की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कल्याणं करोति संस्था और इसकी पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि ऐसे शिविर भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे और अधिक से अधिक लोगों तक यह सेवा पहुंचेगी।

महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से न केवल नेत्र रोगों का उपचार किया गया, बल्कि यह उन लोगों के जीवन में उजाले की नई किरण लेकर आया है, जो लंबे समय से नेत्र समस्याओं का सामना कर रहे थे। शिविर में दूर-दराज अंचलों से आये 228 नेत्र रोगियों ने पंजीकरण कराकर परीक्षण कराया जिसमें से 101 नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद रोगियों के निःषुल्क नेत्र ऑपरेशन श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर संपन्न किए गए। भर्ती नेत्र रोगियों को पंलग, बिस्तर, दवा, चश्मा, भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई। सात्विक उपाध्याय ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर उमेष कुमार अग्रवाल, निदेषक नवल इन्फ्राटेक प्राइवेट लि0, मथुरा, डॉ0 अषोक जौहरी, अरून गुप्ता, सीमा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल आदि विषिष्टजन उपस्थित रहे।

# डॉ शंभू पंवार (विश्व रिकॉर्ड धारक) अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार-विचारक

वेलकम इंडिया/डॉ शंभू पंवार



नई दिल्ली। हिंदी के अंतर्राष्ट्रीय ख्यात कवि एवं पत्रकार पंडित सुरेश नीरव को उनकी सतत हिंदी सेवा को रेखांकित करते हुए हिंदी अकादमी, दिल्ली सरकार ने एक लाख रुपये वाले अपने प्रतिष्ठित ॠहिंदी अकादमी हिंदी सेवी सम्मानॠ (सम्मान राशि एक लाख रुपए) देने की घोषणा की है।

उल्लेखनीय है कि देश की अगृणी साहित्यिक संस्था अखिल भारतीय सर्वभाषा संस्कृति समन्वय समिति के संस्थापक अध्यक्ष तथा वैश्विक पत्रिका प्रज्ञान विश्वम पत्रिका के प्रधान संपादक पंडित सुरेश नीरव ऐसे प्रथम भारतीय हैं जिन्हें जर्मनी के अति प्रतिष्ठित सम्मान ॠमैक्समूलर एवार्डॠ से तथा सुलभ साहित्य अकादमी के पांच लाख सम्मान राशिवाले प्रतिष्ठित ॠश्रेष्ठ साहित्यकार सम्मानॠ से पूर्व में भी सम्मानित किया जा चुका है।दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में आयोजित नवम विश्व हिंदी सम्मेलन में भी आप भारत सरकार के प्रतिनिधि कवि के रूप में भी सम्मिलित हो चुके हैं। पंडित सुरेश नीरव की अबतक छब्बीस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है तथा आप लंबे समय तक हिंदुस्तान टाइम्स की प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका कादम्बिनी के संपादन मंडल से भी संबद्ध रहे हैं। आपको यह सम्मान मिलने पर देश विदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, पत्रकारों ने बधाई संदेश प्रेषित किए है।

# बुद्धवार और शनिवार को ही बनता है आधार



संतकबीरनगर। उप डाकघर दुधारा में कर्मचारियों की कमी के कारण आधार नामांकन और संशोधन का काम सप्ताह में सिर्फ दो दिन बन पा रहा है जो कि लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। उप डाकघर दुधारा में कर्मचारियों की कमी के कारण आधार नामांकन और अपडेशन का काम बुद्धवार और शनिवार को ही हो पा रहा है। जो कि क्षेत्रीय लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है। शासन ने सभी को नए आवेदकों के लिए आधार रजिस्ट्रेशन करना, आधार कार्डधारकों को उनकी जानकारी अपडेट करने में मदद करना, आधार से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुविधा उपलब्ध कराई थी लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है। जानकारी व मांग के बाद भी संबंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। क्षेत्रीय ग्रामीण अब्दुस्सलाम, कौकब माज, सुद्धलाल, महेश कुमार, मुहम्मद रमजान, अली अहमद खान, आजम खान, रफी अहमद अंसारी, जुनेद अहमद आदि शासन- प्रशासन से उत्पन्न समस्या के समाधान की मांग किये हैं।

# शालीमार बाग विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लगेंगे : सौरभ गुप्ता

वेलकम इंडिया



नई दिल्ली। दिल्ली में जहां एक तरह कड़क थक सर्दियों का मौसम है तो वही दूसरी तरफ दिल्ली विधानसभा चुनाव की गर्मी तेज हो गई है, आप पार्टी ने अपने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिया है , बीजेपी भी अपनी पहली लिस्ट जारी कर चुके है , वही कांग्रेस भी कई सीटों पर अपना उम्मीदवार मैदान में उतार चुका है। दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा सीट इस बार काफी रोचक देखने को मिलेगा आप पार्टी ने वर्तमान विधायक बंदना कुमारी को अपना उम्मीदवार बनाया है, बीजेपी ने अपना पूर्व प्रत्याशी रेखा गुप्ता पर फिर भरोसा जताया है, कांग्रेस से प्रवीण कुमार जैन उम्मीदवार है, वही कभी शालीमार बाग विधानसभा की रीढ़ की हड्डी जो हर चुनाव में आप पार्टी को जीत दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाते थे सौरभ गुप्ता इस बार पार्टी के फैसले से काफी नाराजगी जाहिर की है , सौरभ गुप्ता निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान किया है सौरभ ने पत्रकारों से बातचीत में कहा वर्तमान विधायक बंदना के पति लगातार आप पार्टी के कार्यकताओं शोषण किया है कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार किया है। विधायक और उनके पति कई बार पार्टी के खिलाफ काम किया है। निगम पार्षद चुनाव में आप उमीदवार जलज चौधरी को हराने के लिए विधायक बंदना कुमारी और उनके पति सज्जन कुमार ने अपने ही एक करीबी को निर्दलीय खड़ा कर दिया, लेकिन आप के कार्यकताओं ने पार्टी उमीदवार जलज चौधरी को जिताया, पार्टी ने वर्तमान विधायक को टिकट देकर गलत फैसला लिया है जिससे हजारों कार्यकताओं को उनके भावनाओं और सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है, सौरभ गुप्ता ने कहा में आप पार्टी संरक्षक श्री अरविंद केजरीवाल से पूछना चाहता हु क्या पार्टी के कार्यकताओं की पार्टी में कोई सम्मान प्रतिष्ठा है या नहीं में पार्टी के फैसले से दुःखी हु इसलिए शालीमार बाग विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया हूं।

## हरियाणा से लाखों की पेशगी व सेटिंग का सामान बेचकर भाग आए राज मिस्त्री

कांधला। हरियाणा सोनीपत के कई लोगों ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत करते हुए कस्बा निवासी राज मिस्त्री व अन्य लोगों पर मकान निर्माण के लिए पेशगी की रकम एवं सेटरिंग का सामान बेचकर मौके से भाग आने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरियाणा के सोनीपत निवासी अजित, हरिया कपूर सहित अन्य लोग सोमवार को थाने पहुंचे जहां पर उक्त लोगों ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कस्बा निवासी राजमिस्त्री व अन्य लोगों को मकान निर्माण करने के लिए तीन लाख की पेशगी दी थी। अपनी जिम्मेदारी पर मकान निर्माण के लिए सेटरिंग का सामान भी दिलवाया था। आरोप है कि आरोपी राज मिस्त्री अपने अन्य साथियों के साथ पीड़ितों को झांसा देकर मौके से रकम लेने के बाद सामान बेचकर भाग आए। काफी दिनों से पीड़ित पक्ष के लोग उक्त लोगों की तलाश कर रहे थे। जब पीड़ितो ने कांधला आकर उक्त लोगो से अपनी दी गई रकम को लौटाने की मांग की तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर मौके से भगा दिया। घटना के संबंध में पीड़ित पक्ष ने संयुक्त रूप से पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# रिफ्लेक्टर लगाओ दुर्घटना बचाओ अभियान का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



मथुरा। बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के द्वारा यातायात पुलिस के सहयोग से बीएसए पुलिया पर संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित के नेतृत्व में ई-रिक्शा ,ऑटो रिक्शा पर निशुल्क रिफ्लेक्टर लगायें साथ ही रिफ्लेक्टर लगाओ दुर्घटना बचाओ अभियान चलाया गया । अभियान का शुभारंभ यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने किया ।

इस अभियान के अंतर्गत इस ठंड में धुंध के कारण के सड़क पर चलते समय जो वाहन दिखाई नहीं देते हैं पीछे चलने वाले वाहन को दिखाई ना देने पर दुर्घटना का सबब बनते हैं ऐसे वाहनों पर पीछे से रिफ्लेक्टर लगाते हुए संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने वाहन चालकों को जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध करते हुए नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी । यातायात पुलिस निरीक्षक शौर्य कुमार ने कहा इस मौसम में वाहन चालक आगे चल रहे वाहन से अपने वाहन की दूरी 50 मीटर पीछे रखें साथ ही अपने वाहन पर आगे सफेद,साइड पर पीली , पीछे लाल रिफिलेक्टर जरूर लगाए जिससे दुर्घटनाएं नहीं होगी ।

इस अवसर पर विनोद दीक्षित ने बताया यह अभियान लगातार समिति और यातायात पुलिस के सहयोग से चलता रहेगा ।इस अभियान यातायात पुलिस से टीएसआई मोहम्मद इलियास , टीएसआई मुकेश कुमार , टीएसआई संजय सिंह, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार , हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल योगेश कुमार, हेड कस्टेबल अश्वनी कुमार , ब्रज यातायात से कुलदीप शास्त्री विपिन ओझा, नमन अग्रवाल ,हेमंत वर्मा ,दीपक गुप्ता, अनिल पंडित कुलदीप पाराशर, गौरव सक्सेना , सुनील चौधरी आदि रहे।

# विधवा भाभी व उसके परिजनों पर उत्पीड़न का आरोप



कांधला। अपनी विधवा भाभी व उसके परिजनों के उत्पीडन से तंग आकर युवक ने थाने में तहरीर देते हुए भाभी व उसके परिजनों ने जान माल की सुरक्षा करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीडित को मामले में जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। क्षेत्र के गांव ताहिरपुर भभीसा निवासी संजीव कुमार पुत्र महेन्द्र ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके भाई संजय की कुछ समय पहले मृत्यु हो गई है। जिसके बाद से उसकी पत्नी नीलम अपने पुत्र उज्जवल व वंश के साथ - साथ अपने भाई लीलू, व उसके चार सहयोगियों के साथ मिलकर उसके माता पिता का उत्पीडन कर रहे है तथा उनके नाम जो कृषि भूमि व घेर है वह जबरदस्ती नीलम व उसके दोनों बच्चों के नाम करने का दबाब बना रहे है। नीलम व उसके परिजनों की बात ना मानने पर वह लोग उसके पिता महेन्द्र व माता के साथ अभद्रता गाली गलौच कर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे है। जिसके कारण उसके माता पिता मानसिक रूप से परेशान है। पीडित ने कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडित को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता : सीमा त्रिखा

वेलकम इंडिया



हरियाणा/हिसार। पूर्व मंत्री एवं भाजपा संगठन चुनाव के लिए जिला प्रभारी सीमा त्रिखा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आह्वान किया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक सदस्य जोड़कर पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए सदस्यता व सक्रिस सदस्यता अभियान चलाने के बाद संगठन के गठन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

सीमा त्रिखा सोमवार को आदमपुर की गोपीराम धर्मशाला में आदमपुर विधानसभा के बूथ समितियों के गठन बारे आयोजित तीनों मंडलों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में आम जनता ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से यह अभियान चलाया, जिसके चलते प्रदेशभर से लाखों सदस्य पार्टी से जुड़े।

उन्होंने कहा कि आदमपुर विधानसभा के तीनों मंडलों की बूथ समितियां व सक्रिय सदस्यता अभियान के लिए यह बैठक हुई है। इसमें पदाधिकारियों को पार्टी संगठन के निदेर्शानुसार अपनी–अपनी जिम्मेवारी निभानी है।

मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में जिला उपाध्यक्ष एवं रणधीर सिंह धीरू, मंडल अध्यक्ष चन्द्रपाल भादू, शशिकांत शर्मा व सूरजभान मेहला, पार्टी नेता जयपाल बैंदा, राजन ग्रोवर, पवन जैन, अजय बैनीवाल, भूपसिंह, कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश, घनश्याम शर्मा, विक्रम कासनियां, राजेंद्र सोनी उग्रसेन, रणवीर शर्मा जेपी पाहवा, कुलदीप डेलू व कृष्ण गर्ग, मुकेश सैनी, रवीना सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उपमंडल कार्यालय कनीना के सामने सभी कर्मचारियों का संयुक्त रूप धरना प्रदर्शन पांचवें दिन जारी

वेलकम इंडिया

कनीना। सोमवार को लगातार पांचवें दिन उपमंडल कार्यालय कनीना के सामने सभी कर्मचारियों का संयुक्त रूप धरना प्रदर्शन जारी रहा। पांचवें दिन भी अन्य दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण कर्मचारीयों का आक्रोस बढता ही जा रहा है। सब यूनिट प्रधान हवा सिंह यादव ने बताया कि मोडी गांव की टोलवा की ढाणी में 16 दिसंबर 2024 को बिजली चोरी चैंकिंग के दौरान कर्मचारियों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस प्रशासन व निगम मैनेजमेंट के टुलमूल रवैया के चलते दोषी आज तक गिरफ्तार नहीं हुए। सोमवार को धरने के अध्यक्षता राज्य उपप्रधान संदीप एएफएम ने बताया कि कर्मचारियों के द्वारा निगम मैनेजमेंट को नोटिस भी दिया जा चुका हैं। वहीं घटना को आज 22 दिन हो चुके हैं।कर्मचारियों पर हमला करने वाले दोषियों को प्रशासन ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया। उपप्रधान संदीप एएफएम ने बताया कि एफआईआर नम्बर 188, 16 दिसंबर 2024 को दर्ज है। इसके तहत अन्य आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

इस मौके पर केंद्रीय नेता महावीर पहलवान, मंच संचालक महेश गोमला सर्कल सैक्ट्री, शिव कुमार यादव एपीएस एचसइवी यूनियन, मंच संचालक शंकर लाल जेई, राजेंद्र कपूरी एससीबीसी यूनियन, मनोज कुमार जेई यूनिट सचिव, हवा सिंह सब यूनिट प्रधान, संदीप एएफएम, आनंद जेई, राकेश एएफएम, महेंद्र अलम, विकास पूर्व प्रधान, पवन एअलम, मनोज कुमार एअलम सीसी, धर्मवीर एअलम, संजय कुमार एअलम सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित मौजूद रहे।

## युवक का कमरे में मिला फांसी लगा शव

कांधला। नासिक में कार्य के सिलसिले में गए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की आत्महत्या के समाचार से युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में युवक के परिजन नासिक के लिए रवाना हो गए। नगर के मौहल्ला खैल निवासी इनाम का लगभग 30 वर्षीय पुत्र शौकीन कुछ समय पूर्व अपने साथियों के साथ महाराष्ट्र के नासिक में कपडों की फेरी के कार्य के लिए गया हुआ था। जहां पर वह एक कमरा लेकर किराएं पर रह रहे थे। सोमवार को शौकीन के साथियों ने उसे फोन किया तो उसका फोन लगातार बजता रहा लेकिन किसी ने फोन रिसीव नही किया। काफी समय तक जब शौकीन ने फोन नही उठाया, तो उसके साथी किसी अनहोनी की आंशका के चलते उसके कमरे पर पहुंचे तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। शौकीन के साथियों ने दरवाजा तोडकर अंदर प्रवेश किया शौकीन फांसी के फंदे पर लटका हुआ था।

## पत्रकार समाज का प्रहरी होता है

# शासन की खबर जनता तक जनता की आवाज को शासन तक बुलंद करने का काम करता है :अनिल दुबे आजाद

**वेलकम इंडिया**



**अमेठी जगदीशपुर।** जुझारू एवम संघर्षशील केंद्रीय प्रमुख संपादक अनिल दुबे आजाद के निर्देश पर क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक सम्पन्न हुई जिसमे जिला कार्यकारिणी व ब्लाक स्तर के विभिन्न पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से चयन किया गया जिसका उपस्थित पत्रकार बंधुओ ने जोरदार स्वागत किया । जगदीशपुर स्थित निरीक्षण भवन डाकबंगला पर आयोजित जिला क्रांतिकारी पत्रकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी दिवाकर मणी त्रिपाठी ने किया।

उन्होने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार एक समाज का प्रहरी होता है जो शासन की खबर जनता तक तथा जनता की आवाज शासन तक पहुंचाने मे अपनी अहम भूमिका निभाता है वचन देता हूं कि संगठन के पत्रकारो की मदद के लिए हर मोड पर खडा रहूंगा बशर्ते सभी साथी अपने पद की गरिमा व अपने कर्त्तव्यों के प्रति जिम्मेदार होकर अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का भरपूर निर्वहन करते रहें।

इसी क्रम मे जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमे आदित्य बरनवाल को जिला अध्यक्ष अमेठी, आनंद शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, अखिलेश शुक्ला जिला महासचिव, विनोद सिंह कोषाध्यक्ष, राम धीरज यादव जिला संगठन मंत्री, दीपक पाठक जिला मीडिया सह प्रभारी, अमित बाजपेई जिला सचिव, राम प्रकाश यादव जिला संरक्षक, रविनाथ दीक्षित जिला मीडिया प्रभारी, अनूप तिवारी व सर्वेश त्रिपाठी को कार्यकारिणी सदस्य का पदभार तथा एसबी सिंह को जगदीशपुर ब्लाक अध्यक्ष व रामधनी शुक्ला को बाजार शुकुल ब्लाक अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया । जनपद भर के कोने-कोने से उपस्थित बैठक में सभी पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किया और संकल्प लिया की हम सब के अगुआ क्रांतिकारी पत्रकार परिषद केंद्रीय प्रमुख माननीय अनिल दुबे आजाद के दिशा निर्देश में संगठन निरंतर संघर्षील रहेगा और अपने किसी भी पत्रकार साथी के अपमान का बदला अत्यंत आक्रामक होकर के लेने का प्रयास करेगा अन्यथा शासन प्रशासन को बिल्कुल जागरूक रहकर पत्रकारों का सहयोग करते रहने के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा इस मौके पर जावेद खान, देवेंद्र शुक्ला ,राशिद , अरविंद कौशल ,दयाराम सरोज उपस्थित रहे।

# टाण्डा के सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी मंसूर अख्तर का हृदय गति रुकने से निधन

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी मंसूर अख्तर (57) का हृदय गति रुकने से अचानक निधन हो गया ।उन्होंने सोमवार को नगर के मंसब अली स्टेडियम में चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट में मैच भी खेला था। वहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई ।उनका खिलाड़ी पुत्र कामरान और साथी खिलाड़ी उन्हें फौरन चिकित्सक के पास ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया ।क्रिकेटर के अचानक निधन से उनका परिवार, साथी खिलाड़ी और नगरवासी गहरे सदमे में हैं।

नगर के मोहल्ला मोतीनगर झंडा चोक स्थित मंसब अली स्टेडियम में स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन चल रहा है ।सोमवार को दोपहर नगर के इंदिरा क्रिकेट क्लब और रॉयल नवाब क्लब के बीच मैच चल रहा था ।इंदिरा क्लब की तरफ से नगर के मोहल्ला नज्जुपुरा निवासी वरिष्ठ खिलाड़ी मंसूर अख्तर( 57 वर्ष ) और उनका लड़का कामरान खेल रहे थे ।बताते हैं कि इंदिरा क्लब की ओर से पहले खेलते हुए मंसूर अख्तर ने तीन गेंदों में एक रन बनाए और कैच आउट हो गए ।जिसके बाद वह मैच देखने लगे ।कुछ देर बाद अचानक उन्होंने सीने में दर्द के साथ बेचैनी महसूस की ।उनका लड़का कामरान अन्य साथी खिलाड़ियों की मदद से फौरन उन्हें नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां ले गया ।डॉक्टर ने उन्हें ऑक्सीजन लगाकर हायर सेंटर रेफर कर दिया ।साथी खिलाड़ी उन्हें स्थानीय सीएचसी ले गए ।जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।मंसूर अख्तर के दो पुत्रों में से एक फरहान अख्तर (22) की करीब एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है।

मंसूर अख्तर नगर के वरिष्ठ क्रिकेटर थे ।उन्होंने बहुत छोटी उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया था ।वह इंदिरा क्लब के कप्तान रह चुके हैं ।फिलवक्त इनका लड़का कामरान इंदिरा क्रिकेट क्लब का कप्तान है ।उनकी मौत से परिवार सहित साथी खिलाड़ी और नगरवासी गहरे सदमे में हैं ।शुरूआती दौर के साथी खिलाड़ी रहे मास्टर सगीर, मतलूब पाशा, डॉक्टर तैयब सहित कमेंटेटर जहीर जिया, सईद सागर, शादाब कुरैशी, फिरासत उर्फ अन्ना और कफील आदि ने दुख का इजहार किया है ।साथी खिलाड़ियों का कहना है कि मंसूर अख्तर अपनी खेल प्रतिभा और मृदुभाषी स्वभाव के साथ ही नगर के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। नगर स्तर पर क्रिकेट में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम, पूर्व पालिकाध्यक्ष पति मकसूद लाला, विधायक प्रतिनिधि शरीफ जमील, अपना दल एस के प्रदेश सचिव मोहम्मद वकील एडवोकेट सहित शिक्षक सईद रहमानी ने क्रिकेटर मंसूर अख्तर की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी के साथ ही बेहतरीन इंसान भी थे ।उन्होंने अपने शानदार खेल और अच्छे व्यवहार से सभी का दिल जीता।

# प्रयाग जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर दवादोस्त दवाई दुकान की सुविधा




**लखनऊ।** महाकुंभ के दौरान प्रयाग आने जाने वाले पर्यटकों तथा रेल यात्रियों के स्वास्थ्य की रक्षा एवं उचित देखभाल के लिए प्रतिबद्ध उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा एक नई पहल की गई है। जिसके तहत मण्डल के प्रयाग जं. एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर ह्लदवादोस्तह्व दवाई की दुकान की सुविधा का प्रारंभ किया गया है। इन दवा की दुकानों पर आवश्यक दवाएं 80% तक की रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी। किसी भी रेलयात्री या तीर्थयात्री की बीमारी की दशा में ये दुकानें अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगी, क्योंकि बीमारी की स्थिति में यात्रियों को कही और नहीं जाना पड़ेगा तथा उन्हें उनकी जरूरत की दवाएं किफायती दामों पर स्टेशन पर ही मिल जाएंगी। यात्री सेवा के अंतर्गत उनको उत्तम किस्म की मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मण्डल द्वारा एक सार्थक प्रयास किया गया है, जिसका लाभ असंख्य यात्रियों को प्राप्त होगा।

# वाहन चालकों से अपील, कोहरे के दौरान यातायात के सभी नियमों का हर हाल में करें पालन: पुलिस अधीक्षक

**वेलकम इंडिया**

**महेन्द्रगढ़।** महेंद्रगढ़ पुलिस की वाहन चालकों से अपील, कोहरे के दौरान यातायात के सभी नियमों का हर हाल में करें पालनः- पुलिस अधीक्षक।

यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर अबतक काटे करीब 500 वाहनों के चालान। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशा-निर्देश पर महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किए जा रहे हैं, धुन्ध के मौसम में होने वाली सड़क दुर्घटनों पर अंकुश लगाने के लिए महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान चलाकर यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किए जा रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा भारी वाहन, ट्रैक्टरझट्रॉली, पिकअप, कैंटर तथा अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई जा रही है। महेंद्रगढ़ पुलिस वाहन चालकों की सुविधा के लिए रिफ्लेक्टर लगाने का अभियान चला रही है। वाहन चालकों से निर्धारित स्पीड में ही वाहन चलाने की अपील की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों, थाना यातायात प्रबंधक को निर्देश दिए हुए हैं कि ज्यादा से ज्यादा वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक करें और ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नियमानुसार चालान किए जाएं। जिनके तहत महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में अबतक करीब 500 वाहनों के चालान किए गए हैं। बुलेट बाइक पर पटाखे बजाने, तेज गति में वाहन चलाने, गलत दिशा में वाहन चलाने और अन्य नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए हैं।

पुलिस अधीक्षक ने आम जनता व वाहन चालकों से अपील की है कि तेज गति से वाहन ना चलाएं, प्रेशर हॉर्न न बजाएं, धुंध में लो बीम में गाड़ी चलाएं, रोड़ के बीच में अपने वाहन को कभी भी ना रोकें, वाहन को मोड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें, तेज आवाज में गाड़ी के अंदर संगीत ने बजाएं, वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाएं, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें, नशा कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन चलाते समय अगर नींद आए तो वाहन न चलाएं और पुलिस का सहयोग करें। महेंद्रगढ़ पुलिस आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

# बैलेट पेपर से वोट के द्वारा किया जायेगा बुंदेलखंड राज्य के लिए जनमत संग्रह : भानू सहाय

**वेलकम इंडिया**



**झाँसी।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानू सहाय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के प्रति जो जनप्रतिनिधि कभी यह कह कर बुंदेलियो को गुमराह करने का प्रयास करते की मध्य प्रदेश के लोग राज्य निर्माण के लिए तैयार नहीं है तो कभी कह देते है उत्तर प्रदेश के लोग आगे नहीं आ रहे है। कभी कहते है कि नक्शा पूर्ण नहीं है तो कभी कहते है की अधिकांश लोगो को पता ही नही है की राज्य निर्माण के क्या लाभ है।

इन सारी बातों के निराकरण का बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा ने इस समस्या का हल तलाश लिया गया हैं, जिसके अन्तर्गत अखण्ड बुंदेलखंड की समस्त विधानसभाओं में दस चरणों में बैलट पेपर से वोटिंग करवाकर दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। बैलट पेपर के द्वारा वोट के माध्यम से यह तस्वीर साफ हो जाएगी कि बुंदेलखंड की जनता क्या चाहती है। प्रारम्भ में निवाड़ी विधान सभा के ओरछा धाम में 7 जनवरी 2025 को वोटिंग करवाई जायेगी, फिर बबीना विधान सभा के परीछा/रिछोरा, गुलरा , बराठा, महेवा, जोरी में 11 जनवरी को फिर दतिया विधान सभा के उन्नाव बालाजी में 15 जनवरी उसके बाद अखण्ड बुंदेलखंड की समस्त विधान सभाओं के एक एक गांव में पूरा कर द्वितीय चरण में जिला एवं तहसील स्तर के अधिवक्ताओ से वोट लिए जायेगे। मातो की गिनती मीडिया के सम्मुख मतदान के दूसरे दिन दोपहर 12 बजे की जाएगी। बुर्जुग, विकलांग, गर्भवती महिलाएं एवं अस्वस्थ लोगो का मतदान उनके घर जाकर करवाया जायेगा जिसकी व्यवस्था मोर्चा द्वारा की जाएगी। पत्रकार वार्ता में रघुराज शर्मा, रामजी सिंह पारीछा, हनीफ खान, प्रदीप झा, हेमंत कुमार, अंकित सिंह, देव प्रसाद, पुरान सिंह , बंटी सिंह, मनोज, रघुनाथ सिंह गोलू आदि उपस्थित रहे।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने पदयात्रा पर निकला 15 साल का किशोर



**मथुरा/गोवर्धन।** हाइवे पर आए दिन होते एक्सीडेंट की घटनाओं में मृत एवं घायल गौमाता की दयनीय स्थिति से द्रवित होकर दिल में गौमाता के लिए परम आस्था लिए एक 15 वर्षीय किशोर अपने दोस्त के साथ पदयात्रा पर निकल पड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सनातनी हिमांशु सैनी निवासी कोटपुतली बहरोड़ राजस्थान से अपने दोस्त राजेश जांगिड़ के साथ 4 जनवरी को गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने के लिए निकल पड़ा। दरअसल हाइवे पर स्कूल आते जाते एक्सीडेंट में घायल व मृत होती गौमाता की दयनीय स्थिति से किशोर की आत्मा हिल गईं और सर्दी की छुट्टियों में कोटपूतली से मथुरा, प्रयागराज होते हुए श्री राम मंदिर अयोध्या तक पैदल यात्रा के लिए निकला है। जिसका उद्देश्य गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना है। ऐसे गौभक्त का सम्मान करने दानघाटी मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद एवं गौ रक्षा दल गोवर्धन ने साफा और माला पहना कर स्वागत कर उत्साहवर्धन किया। जिसमें विहप से जिला मिलन प्रमुख गिरीश राजपूत, गोवर्धन मण्डल अध्यक्ष श्रेयस गुजराती, राम शर्मा ,शुभम शर्मा ,लक्ष्मण ठाकुर, शिवम, दीपक उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पम्प पर लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से नकदी व अवैध हथियार किए बरामद

**वेलकम इंडिया**

**महेन्द्रगढ़।** पेट्रोल पम्प पर लूट के मामले में गिरफ्तार आरोपितों से अवैध हथियार किए बरामद। पेट्रोल पम्प पर हवाई फायर कर नकदी लूटने के मामले में कार्रवाई करते हुए महेंद्रगढ़ पुलिस की टीमों ने तीन आरोपितों अजीत उर्फ कालू वासी भेडन्टी, ऋषिदेव उर्फ रितिक वासी मुलोदी व रवि वासी मुलोदी को भेडन्टी क्षेत्र में नदी क्षेत्र से गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था।

रिमांड के दौरान पूछताछ में पुलिस ने आरोपितों से वारदात में प्रयोग की गई बाईक्स, नकदी व अवैध हथियार जिंदा कारतूस सहित बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपित अजीत उर्फ कालू से घटना में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल, एक देसी पिस्टल व 5 जिंदा कारतूस और आठ हजार छह सौ रुपए बरामद किए हैं। आरोपित ऋषिदेव उर्फ रितिक से एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस और चार हजार पांच सौ रुपए बरामद किए हैं। आरोपित रवि से एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस, पांच हजार छह सौ रुपए और वारदात में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की है।

आरोपितों को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपितों ने दिनांक 19 दिसम्बर को ईकबालपुर नंगली में पेट्रोल पम्प पर हवाई फायर कर नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था और दिनांक 20 दिसम्बर को भेडन्टी में शराब के ठेके पर नकदी लूटने, शराब की बोतलें तोड़ने, रंगदारी मांगने व ठेके के अंदर फायर करने की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने मामले को संज्ञान में लेकर तीन टीमों सीआईए नारनौल, थाना नांगल चौधरी व साइबर सेल की टीमों का गठन किया और आरोपितों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# युवा प्रतिभा महोत्सव में हुआ दौड़ ऊंची कूद एवं गोला फेंक का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय द्वारा आयोजित जनपद स्तरीय युवा प्रतिभा महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को एथलीट खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र एवं छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ अखिल भारतीय क्षत्रिय युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर सुजान सिंह एवं अडींग पुलिस चौकी प्रभारी विजय कुमार यादव द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर सुजान सिंह ने कहा कि सफलता पाने के लिए विद्यार्थी को अपने जीवन में बार-बार मेहनत करनी पड़ती है। तभी उसे अपने कार्य में सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का प्रयोग विद्या अध्ययन करने के लिए करना चाहिए ना कि मनोरंजन करने के लिए । विशिष्ट अतिथि कस्बा अडींग चौकी प्रभारी विजय कुमार यादव ने कहा कि खेल में हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। सफलता किसी भी व्यक्ति के जीवन में अहंकार ला सकती है। जिससे हमें बचना है। युवा प्रतिभा महोत्सव

प्रतियोगिता में आयोजित बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ एवं 800 मीटर दौड़ में राम चन्द्र इंटर कॉलेज की छात्रा परी सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में डीपीएस इंटर कॉलेज अडींग की छात्रा खुशी धनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं दूसरी ओर बालक वर्ग की 400 मी दौड़ में जनता इंटर कॉलेज मथुरा के छात्र महावीर ने प्रथम स्थान, 800 मी. दौड़ में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज गोवर्धन के छात्र मोहित ने प्रथम स्थान, एवं 1600 मीटर दौड़ में शीला जोशी इंटर कॉलेज के छात्र सुमित सिकरवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों का स्वागत डायरेक्टर नंद किशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा, सह निदेशक सतीश शर्मा ने पटुका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर किया।

# राजनीतिक पार्टियां समाज को दें हिस्सादारी,नहीं तो महासभा उतारेगी अपना प्रत्याशी

**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** अखिल भारतीय महासभा के तत्वाधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका महान समाज सेविका एवं शिक्षा की देवी माता सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती समारोह जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में मोंठ तहसील के ग्राम सेरसा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नीरज मौर्य सांसद आंवला उत्तर प्रदेश व अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व प्रदेश अध्यक्ष नीरज कुशवाहा मुख्य वक्ता व विशिष्ट के रूप में अतिथि पूर्व विधायक माधौगढ़ संतराम कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा राष्ट्रीय सचिव गजेंद्र कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ,महिला सभा प्रदेश संयोजक वंदना कुशवाहा, महिला महासभा की जिला अध्यक्ष हेमलता कुशवाहा रहीं सभी अतिथियों अतिथियों ने शाक्य मुनि तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख दीप मोमबत्ती प्रज्वलित कर महात्मा ज्योतिबा राव फुले, माता सावित्रीबाई फुले ,चंद्रगुप्त मौर्य सम्राट अशोक, लव कुश भगवान एवं संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जगदेव बाबू बिहार लेलन संत गुरुओं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर विधिवत कार्यक्रम प्रारंभ किया।




कुशवाहा महासभा के झंडा गीत के साथ जिला कमेटी एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी ने मंचासीन अतिथियों का माला पहनाकर एवं बैच लगाकर जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात ही अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा ने स्वागत भाषण के साथ कहा कि जागरूकता के अभाव में समाज पिछड़ रहा है इसलिए समाज के लोगों को जागरुक होकर अपने समस्त अधिकारों को स्वयं हासिल करना है।

वहीं मुख्य वक्ता नीरज कुशवाहा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं प्रदेश अध्यक्ष जी ने अपने वक्तत्व में कहा कि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा एक ऐसा संगठन है जो समाज के अंदर व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत प्रयत्नशील है हमारा संगठन कुशवाहा समाज के साथियों को भाई बहनों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से मजबूत करने के लिए समाज में राजनीतिक आर्थिक और सामाजिक चेतना को जागृत करेंगी सामाजिक चेतना ही राष्ट्रीय चेतना को परिवर्तित होकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करती है और देश की एकता अखंडता के लिए काम करती है अगर हमारी कुशवाहा समाज को जनसंख्या के आधार पर कोई भी राजनीतिक दल अगर प्रत्याशी नहीं बनाता है तो इस स्थिति में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ाएगी कुशवाहा समाज विचारधारा तय करें यह राजनीति की धारा बदलने का समय है अपने समाज के एक-एक मत का गारंटर बनाइए तभी कोई कुशवाहा का बेटा प्रदेश और देश की सर्वोच्च कुर्सी पर बैठ पाएगा हम 14% आबादी वाले कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी आदि वंचित क्यों है हमें अपने महापुरुषों के इतिहास को याद करते हुए अब हमें बुनियाद को याद करने की जरूरत है । पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने कहा कि हम विचारधारा के समक्ष संकट हैं सम्राट अशोक के इतिहास को समाप्त करने की कोशिश की जा रही है हमें पुनः इस देश को सम्राट अशोक का राज्य स्थापित करना होगा ।इसलिए हमें अपना हक लेना होगा समाज के लोगों को जागृत करने के लिए गांव-गांव जाकर एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा महिला संगठन की जिला अध्यक्ष हेमलता विजय कुशवाहा ने अपना भाषण में कहा है कि माता सावित्रीबाई फुले के त्याग से महिलाओं को पढ़ने लिखने का अधिकार मिला है आज वो समय आ गया है जब महिलाओं को पुरुष के बराबरी की हिस्सेदारी मिलने लगी है लड़कियां पढ लिखकर दो-दो घरों को शिक्षा की ज्योति जलाने का काम करतीहैं।

इस अवसर पर बरुआसागर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुशीला कुशवाहा,टोड़ी फतेहपुर अध्यक्ष नगर पंचायत राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, परमानंद कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष झांसी, इं.शालिग्राम कुशवाहा अध्यक्ष कुश प्रगति संस्थान झांसी, जयराम कुशवाहा अध्यक्ष कुशवाहा मित्र उत्थान समिति झांसी,जिला मीडिया प्रभारी कमलेश कुशवाहा सहित कुशवाहा महासभा के आदि पदाधिकारी उपस्थित रहें ।समारोह का सफल संचालन जिला सह मीडिया प्रभारी बृजेंद्र कुशवाहा लुधियाई ने किया।

# यूको बैंक ने 83वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** यूको बैंक का 83वां स्थापना दिवस अंचल कार्यालय तथा अंचल की सभी शाखाओं में बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ अश्वनी कुमार के निर्देश पर अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्राहकों और आम जनमानस की सुविधाओं के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंचल प्रमुख और अंचल कार्यालय के अन्य कार्यपालकों ने शाखाओं के कार्यक्रमों में भाग लेकर उन्हें सफल बनाने में अपना योगदान दिया। अयोध्या शहर की पाँचों शाखाओं देवकाली, नाका, फैजाबाद, कलेक्ट्रेट कैम्पस तथा अयोध्या शाखा में ग्राहकों तथा आम लोगों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। अंचल प्रमुख

सुश्री मिलन दुबे, मुख्य प्रबंधक स्वप्निल त्रिवेदी, इन्द्रजीत सुमन तथा अभिषेक ने इन कार्यक्रमों में शिरकत की।

अंचल प्रमुख सुश्री दुबे तथा अयोध्या शहर के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा तुलसी उद्यान अयोध्या में जरुरतमंदों को कंबल वितरण किये गये। इस लोक कल्याण कार्य में सहयोग के लिए मुख्य प्रबंधक अभिषेक, इन्द्रजीत सुमन, अयोध्या शाखा के प्रमुख मनोज सिंह एवं अंचल कार्यालय के अन्य स्टाफगण मौजूद रहे।

उतर प्रदेश बीज विकास निगम के प्रांगण में परियोजना अधिकारी बीके शर्मा तथा अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे सहित मुख्य प्रबंधक अभिषेक, इन्द्रजीत सुमन तथा अंचल कार्यालय के अन्य स्टाफ ने तकरीबन तीन सौ पौधरोपण किया। इस प्रकार से बैंक ने पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।

इसी क्रम में अंचल कार्यालय अयोध्या में प्रातः 10 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे बैंक के स्टाफ, ग्राहकों तथा आम लोगों ने बढ़- चढ़ कर भाग ले कर इस आयोजन को सफल बनाया। अंचल प्रमुख ने बताया कि पूरे अंचल में 83 यूनिट रक्तदान किया गया।

इसके साथ ही अंचल प्रमुख द्वारा सभी ग्राहकों तथा स्टाफ के साथ केक काटकर ग्राहक संगोष्ठी की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री नारायण मिश्रा (परमहंस सेवा ट्रस्ट अयोध्या के अध्यक्ष), अयोध्या प्रसाद मिश्रा (निदेशक, कनक होस्पिटल अयोध्या) एवं 100 से ज्यादा ग्राहक तथा बैंक के सेवानिवृत स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। ग्राहकों तथा सेवानिवृत स्टाफ सदस्यों ने बैंक से जुड़ी अपनी खट्टी- मीठी यादों को साझा किया और बैंक के साथ अपने गहरे संबंधों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख नीरज कुमार, मुख्य प्रबंधक श्रीमती स्वप्निल त्रिवेदी, अभिषेक तथा अंचल कार्यालय का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

शाम 3 बजे, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव श्री एम. नागराजू तथा यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री अश्वनी कुमार द्वारा प्रधान कार्यालय, कोलकाता से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अयोध्या अंचल की पयागीपुर, सुल्तानपुर शाखा का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर अंचल प्रमुख ने बैंक द्वारा मेधावी छात्रों के लिए कम दर पर दिए जा रहे शिक्षा ऋण और महिला ग्राहकों के लिए चलाई जा रही विशिष्ट बचत योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अयोध्या की अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे, मुख्य प्रबंधक श्रीमती स्वप्निल त्रिवेदी , शाखा प्रबंधक अमित कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक यतिन जोशी, जय शंकर पाण्डेय, निशीथ कुमार, सवर्ण त्रिपाठी, रेखा रोमिला, खुशुबू सिंह, अशोक सिंह, अंकित गौरव स्टाफ सदस्य एवं कई प्रतिष्ठित ग्राहक भी उपस्थित रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ में बॉलीवुड फिल्म एक्टर राजपाल यादव के शिविर में दद्दा जी जायजा लेने पहुंचे

वेलकम इंडिया



**प्रयागराज।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता राजपाल यादव हाल ही में संगम नगरी प्रयागराज पहुंचे हैं। एक्टर इस बार महाकुंभ में 2020 में ब्रह्मलीन हुए दद्दा स्वामी के पुण्य स्मृति में उनके शिष्य, बड़े बेटे अनिल की अगुवाई में इस बार महाकुंभ में एक बड़ा यज्ञ करने जा रहे हैं

प्रयागराज महाकुंभ सलोरी मे सेक्टर नंबर 9 गंगेश्वर मार्ग के पास ब्रह्मलीन गृहस्त संत परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी की स्मृति में परम पूज्य ग्रहस्त संत डा।अनिल शास्त्री जी के सानिध्य में दद्दा शिष्य मंडल, भारतवर्ष द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र प्रयागराज में आयोजित होने वाले सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में 24 जनवरी 30 जनवरी तक चलेगा, इसी दौरान बॉलीवुड फिल्म एक्टर राजपाल यादव जी ने दद्दा जी के शिविर में पहुंचे राजपाल यादव सुबह प्रयागराज संगम में स्नान किया। सभी गुरु भाई से मीटिंग के दौरान दद्दा जी के शिविर में जायजा लिया और दद्दा जी के शिविर के बारे में मेला अधिकारी से मिलने पहुचे। राजपाल यादव जी ने कहा कि महाकुंभ इस बार काफी अच्छा काम किया गया हैं। सरकार के माध्यम से और प्रशासन के प्रशंसा की है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी सनी केसरी महावीर जी अठई राम यादव राकेश पाल जी सुधीर निषाद आकाश चौधरी गोपाल जी संदीप तिवारी प्रदीप जी इत्यादि लोग मौजूद रहे,

# उच्च न्यायालय द्वारा बागेश्वर जिले में नियमों का पालन नही करने पर खड़िया खनन बन्द करने के आदेश

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर।** जिले को खड़िया खनन का हब कहा जाता है।जिले में सौ से अधिक खड़िया की खानें संचालित हो रही है।जबकि खड़िया खनन में खनन पट्टाधारकों द्वारा अनदेखी करने वन पंचायत भूमि में प्रशासनिक अनदेखी, खनन विभाग की लापरवाही से अवैध तरीके से वन भूमि, वन पंचायत भूमि में खड़िया खनन कर नियमों की अनदेखी की शिकायत मिलने के बाद उच्च न्यायालय द्वारा मामले में कड़ा फैसला लेते हुए जिले में खड़िया खनन को अग्रिम आदेश तक बंद करने के आदेश देते हुए नैनीताल हाईकोर्ट द्वारा बागेश्वर जिले में खनन कार्य पर तत्काल रोक लगाने के आदेश दिए हैं। साथ ही खनन सचिव खनन,निदेशक, और डीएम बागेश्वर को 9 (नौ) जनवरी तक रिपोर्ट तलब करने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट कमिश्नर द्वारा कोर्ट में दाखिल की गई रिपोर्ट में बागेश्वर जिले में कई गांवो में खड़िया खनन में नियमो की अनदेखी होने मशीनों से गहरे गड्ढे खोदकर पर्यावरण प्रदूषित करने, वन पंचायत भूमि से भी जगह जगह खनन कर वन अधिनियम का उल्लंघन करने सहित एनजीटी के नियमों की अनदेखी पर आई रिपोर्ट के आधार पर पहाड़ी क्षेत्रों में मनमाने तरीके से हुए खनन पर सख्त रुख अपनाते हुए पर्यावरणीय प्रदूषण और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जिले में खनन पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। वही उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अब जिले में खनन पट्टाधारकों की नींद उड़ गई है।

# सपा कार्यालय पर मासिक बैठक हुई सम्पन्न



वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत शोहरतगढ़.के सपा कार्यालय गड़ाकुल पर विधानसभा कमेटी की मासिक विधानसभा अध्यक्ष हरिनारायण यादव की अध्यक्षता में बैठक कर संगठन को गतिशील एवं पार्टी की मजबूती पर चर्चा की गयी। मासिक बैठक में सपा जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि सपा कार्यकताओं को विधानसभा के हर सेक्टर में पीडीए पंचायत कर पीडीए समाज के लोगों को एकजुट करके 2027 में समाजवादी सरकार बनाने की अपील की गयी। मासिक बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव राममिलन भारती जिला सचिव रामू यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग अमित शर्मा अध्यक्ष विष्णु उमर, विक्रम यादव, गुड्डू सिंह, डब्लू सिंह, ओम प्रकाश यादव, शिवनारायण दूबे, आमिर खान, हरिहर बाबा, उमाशंकर उपाध्याय तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# युवा पत्रकार प्रेसक्लब शोहरतगढ़ के जनपद इकाई की बैठक सम्पन्न

वेलकम इण्डिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** युवा पत्रकार प्रेसक्लब जनपद इकाई शोहरतगढ़.की बैठक सोमवार को पत्रकार आफिस में आयोजित की गई। इस दौरान पत्रकार हितों की रक्षा को लेकर मजबूती से नये सिरे से रणनीति तैयार की गई। साथ ही संगठन के सदस्यता अभियान में सदस्यता को लेकर नये पत्रकार पूरा करने के पदाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए युवा प्रेसक्लब शोहरतगढ़.के तहसील अध्यक्ष श्रवण पटवा ने कहा कि संगठन लगातार पत्रकार हितों के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और कार्यशैली को बेहतर रखे तो उसे हमेशा सम्मान मिलेगा। हमें अपनी लेखनी को प्रभावी और तथ्यों से पूर्ण बनाने की जरूरत है। वहीं तहसील उपाध्यक्ष पियूष सिंह ने कहा कि अच्छा लिखने वालों का हमेशा प्रभाव और सम्मान रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपनी लेखनी को हर दिन बेहतर करने की दिशा में कार्य करें। तहसील शोहरतगढ़. आयोजक सरताज आलम ने कहा कि पत्रकारिता जगत से जुड़े हुए एक-एक व्यक्ति को इस घटना को गम्भीरता से लेना चाहिए। जो पत्रकार बन्धु सत्ता पक्ष के लिए पत्रकारिता कर रहे हैं उनको भी इस घटना को खुद से अलग नहीं देखना चाहिए।

इस दौरान तहसील महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह श्रीनेत, कमलेश मिश्रा, शिवरतन कन्नौजिया, वकील खान, अतीक खान, इसरार हुसैन, शादाब हुसैन, सुग्रीम यादव, सुनील गुप्ता, दीपक कुमार, जीत बहादुर श्रीवास्तव, अर्जन यादव, श्रवण कुमार जायसवाल, अभिषेक श्रीवास्तव, रामानन्द पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भाकियू ने तारुन थाने का किया घेराव



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** थाने के मुख्य द्वार पर पंचायत किया गया, पंचायत में ड्ढ बीकापुर ,नायब तहसीलदार तारुन, इंस्पेक्टर तारुन दलबल के साथ पहुंचकर बिंदुवार समस्या सुनकर समाधान का आश्वासन दिया तत पश्चात घेराव/ पंचायत स्थगित कर दिया गया।

राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा जनता के प्रार्थना पत्रों की रिसीविंग नहीं देकर प्रार्थना पत्रों को गायब कर दिया जाता है ,ऑनलाइन शिकायत प्रार्थना पत्रों ,थाना दिवस के प्रार्थना पत्रों पर निष्पक्षता व गुणवत्ता पूर्वक समाधान नहीं किया जाता, जनता को परेशान करने के लिए गलत तरीके से गाड़ियों का चालान किया जाता है संतोष वर्मा पुत्र जगदंबा निवासी तारापुर की प्रार्थना पत्र पर विगत कई महीनो से ऋकफ दर्ज नहीं किया जा रहा। जो की चिंता जनक विषय है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि संतोष वर्मा तहसील अध्यक्ष बीकापुर के जायज प्रार्थना पत्र पर तारुन थाना के पुलिस गलत रिपोर्टिंग कर रही है।

# मीरन घाट के पास दिखा तेंदुआ दहशत में लोग



**अयोध्या।** एक बार फिर तेंदुए की आहट से दहशत में लोग पड़ गए हैं। पिछले 1 महीने पूर्व निर्मली कुंड के जंगलों में वन विभाग के कैमरे में तेंदुआ कैद हुआ था अब मीरनघाट में स्थानीय लोगो ने तेंदुआ देखा। खेत की रखवाली के दौरान देर रात तेंदुए के गरजने की आवाज से सहमे लोग ने टॉर्च मारा तो तेंदुआ दिखाई दिया स्थानीय लोगों की माने तो पिछले दो दिनों से लगातार खेतों में तेंदुआ दिखाई दे रहा है ।तेंदुए की दहशत से वहां के लोग खेत की रखवाली नहीं कर पा रहे हैं ।स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम ने किया जांच किया किया परंतु अभी तक तेंदुआ हाथ नहीं लगा डीएफओ प्रणब जैन ने बताया कि कल और टीमें में भेज कर जांच कराई जाएगी और जल्द से जल्द तेंदुए को पकड़ा जाएगा।

# ग्राम प्रधान के जन सेवा केंद्र पर पड़ा पुलिस का छापा

वेलकम इंडिया




**सोहावल।** ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद ( बड़ागांव ) स्थित अशहद कम्युनिकेशन सेंटर पर आर पी एफ पुलिस ने छापा मारते हुए अवैध रूप से रेलवे टिकट कि बिक्री करते हुए केंद्र के संचालक कलीम मलिक को पकड़ा है। ज्ञातव्य हो कि छापेमारी के दौरान पुलिस ने उक्त केंद्र से मौके पर 120 अवैध रेलेवे टिकट, कंप्यूटर व लैपटॉप सहित अन्य सामग्री बरामद करते हुए रेलवे एक्ट की धारा 143 में रपट दर्ज कर ली है। इस बारे में आरपीएफ रुदौली के सब स्पेक्टर जितेंद्र यादव ने बताया कि कलीम मलिक के बारे में वर्षो से शिकायत मिल रही थी कि वो रेलवे विभाग के किसी भी प्रकार के अधिकृत एजेंट न होने के बावजूद भी धांधली से रेल टिकट बेच रहे थे। जिसके चलते औचक छापेमारी की गई जिसमें उनके द्वारा किये जा रहे उक्त आरोपों की विधिवत रूप से पुष्टि हुई है। ज्ञातव्य हो कि कलीम मलिक मुस्तफाबाद (बड़ागांव) के ग्राम प्रधान नदीम मलिक के बड़े भाई हैं तथा पुलिस को बताया की यह जन सेवा केंद्र हमारे छोटे भाई नदीम मलिक का है यह केंद्र केवल मेरे नाम है सर कार्यभार छोटा भाई नदीम मलिक ही देखा है रेलवे तथा एरोप्लेन का टिकट भी वही लाकर देता है। पुलिस द्वारा की गई व्यापक कार्यवाही क्षेत्र भर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# आभा फाउंडेशन द्वारा 50 मोतियाबिंद मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन



वेलकम इंडिया

**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा रविवार, 05 जनवरी को एक विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया थो जिसमें 2350 लोगों की आँखों की जाँच की गई। जाँच के दौरान 325 मरीज ऐसे पाए गए जिन्हें मोतियाबिंद का ऑपरेशन आवश्यक था।

6 जनवरी को पहले चरण में 50 मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को फाउंडेशन द्वारा दी जा रही सुविधाओं, जैसे रात में रुकने की व्यवस्था, भोजन, नाश्ता और आवागमन की सुविधा की सराहना की गई।

मरीजों ने आभा फाउंडेशन के इस सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद व्यक्त किया और फाउंडेशन की संस्थापक, आभा सिंह को विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

शिविर में करीब 2025 लोगो को जाचं के बाद चश्मे पाए गए, उन्हें चश्मे का वितरण 17 जनवरी एवं 18 जनवरी 2025 को किया जाएगा। कुल 325 मरीजों के ऑपरेशन के लिए 50-50 मरीजों के 6 समूह बनाए गए हैं, जिनका क्रमवार ऑपरेशन किया जाएगा। फाउंडेशन के इस महत्वपूर्ण कार्य से अनेक लोगों को नया जीवन मिलने की उम्मीद है।

# ऐसे करें काली मिर्च का सेवन : डा0 एसके जायसवाल

वेलकम इण्डिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** खराब लाइफस्टाइल और बाहर का खाना लोगों को सौगात में मोटापा दे रहा है और तो और भागदौड़ भरी जिन्दगी के चलते लोग वजन कम करने के लिए ज्यादा मेहनत भी नहीं करना चाहते। अगर आपके भी वजन घटाने का समय नहीं हैं तो आप अपने खान-पान में ऐसी चीजें शामिल कर सकते हैं जो वजन घटाने में मददगार होती हैं। उक्त बातें डा0 सुनीता जायसवाल मेमोरियल हॉस्पिटल एण्ड फ्रेक्चर क्लीनिक के डा0 एस0के0 जायसवाल ने कहीं। डा0 एस0के0 जायसवाल ने कहा कि काली मिर्च एक मसाला हैं, जो टेस्ट के साथ वजन घटाने में भी मदद करता है। बच्चे और बड़े दोनों इसका सेवन कर सकते हैं। अगर इसका इस्तेमाल नियमित रूप से किया जाये तो कई गम्भीर रोगों से बचा सकता है। आज हम आपको काली मिर्च से वजन घटाने का तरीका और इसके अन्य फायदे बतायेंगे।



**वजन घटाने के लिए काली मिर्च :** काली मिर्च में आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन-ए, सी, और अन्य पोषक तत्व पाये जाते हैं। इसमें फाइट न्यूट्रियंस होते हैं, जो वसा की बाहरी परत को तोड़कर शरीर में वसा जमा नहीं होने देते। इसका इस्तेमाल करने से वजन घटाने के अलावा कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से भी बचा जा सकता है। इसके साथ यह सर्दी-जुकाम में भी बहुत फायदेमन्द है। मोटापे से छुटकारा पाना चाहते हैं तो काली मिर्च आपके लिए काफी फायदेमन्द होगी। पकी हुए सब्जी की एक कटोरी में 1 चुटकी काली मिर्च पाउडर डाल कर सेवन करें। नियमित रूप से इसे खाने पर आपका वजन कम होगा। इसके अलावा आप सलाद, दही व हर्बल टी में इसे मिलाकर भी खा सकते हैं। इसकी आपको सिर्फ 1 से 2 चुटकी मात्रा ही लेनी हैं। काली मिर्च के अन्य फायदे -

**त्वचा की खूबसूरती :** काली मिर्च ना सिर्फ शरीर को रोगों से बचाती है बल्कि यह त्वचा को निखारने का भी काम करती है। काली मिर्च को दरदरा पीस कर चेहरे पर स्क्रब करने से त्वचा में चमक आती है। साथ ही कील-मुंहासे भी दूर हो जायेंगे। इससे डेड स्किन भी निकल जाती है।

## कैंसर से करे बचाव

कैंसर एक खतरनाक बीमारी है जिससे बाहर निकलना काफी मुश्किल है। काली मिर्च कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने में मदद करती है। इसके नियमित सेवन से स्तन कैंसर की गांठ नहीं बनती है। काली मिर्च में विटामिन-सी, ए, फ्लेवोनॉयड्स, कारोटेन्स और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट पाये जाते हैं। यह कैंसर को रोकने में काफी मदद करते हैं।

## पेट सम्बन्धी समस्याओं से राहत

खराब व अनियमित खान-पान के चलते लोगों को पेट सम्बन्धी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। अपच, दस्त, कब्ज और खट्टी डकार आदि से राहत पाने के लिए काली मिर्च के सेवन करना काफी फायदेमन्द होता है। इससे पेट की पाचन क्रिया सही होती है।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्कूल का नाम किया रोशन

वेलकम इंडिया




**नूरपुर ।** वर्ल्ड एमेच्योर कराटे फेडरेशन के द्वारा देहरादून में अयोजित डबलू ए के एफ इंडियन ओपन इंटरनेशनल कराटे डू चैंपियनशिप 2025 में गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के कोच प्रदीप कुमार रहे।

मृत्युंजय सिंह स्वर्ण , अमनदीप सिंह सिल्वर, मानवी चौहान सिल्वर, जीतिन बंसीवाला सिल्वर, जयंत राजपूत ब्रॉन्ज, धैर्य सिसौदिया ब्रॉन्ज, विनम्र राजपूत ने ब्रॉन्ज जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

प्रधानाचार्य विनीत कुमार ने जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल भी पढाई के साथ जीवन का महत्तवपूर्ण भाग है और सेना एवं अन्य नौकरियों में खेलों को प्राथमिकता दी जाती है और फिटनेस के लिए तो खेल विशेष हैं।

प्रबंधक मंदीप सिंह ने बताया कि यह विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में विद्यालय में नियमित अभ्यास का परिणाम है, सही सुविधाओं के साथ सही मेहनत और कोचों के मार्गदर्शन का परिणाम है कि विद्यार्थियों ने विद्यालय को गर्व के क्षण दिए हैं। और ज्यादा मेहनत करके बेहतर प्रदर्शन के लिए बच्चों को प्रेरित किया। उन्हें प्रदीप कुमार के साथ विद्यालय के खेल शिक्षकों विपिन कुमार और विकास त्यागी को और ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# टोंक जेल चौथ वसूली की एफआईआर में फेर बदल करने की फिर से हो जांच,सीजेएम कोर्ट ने दिए आदेश

वेलकम इंडिया






**टोंक।** सच्चाई को कितना भी दबाओ पर एक ना एक दिन वह सामने आ कर ही रहती है और कानून के हाथ सच में बहुत लम्बे होते हैं इस बात को जिला टोंक के वर्तमान सीजेएम श्री कमल सोनी और शिकायतकर्ता हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख तथा दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने साबित कर दिया है मामला बीते चार वर्ष पुराना है जब टोंक जेल में बंदियों और उनके परिजनों से डरा धमका कर जेल के ही दमग कैदीयों द्वारा जेल प्रशासन की शह पर अवैध चौथ बसूली की जा रही थी तब उपरोक्त शिकायतकर्ता एडवोकेट राजा भईया ने उस समय टोंक जिला जेल में बंद अपने मित्र और मुबकिल सवाई माधोपुर निवासी शिवसेना नेता जितेंद्र सिंधी जीतू और अन्य बंदियों व उनके परिजनों से अवैध चौथ बसूली करने के मामले में कोर्ट के आदेश से एफआईआर संख्या 293/2020 भिन्न भिन्न भादस. की धाराओं में थाना कोतवाली टोंक में दर्ज कराई थी उस एफआईआर में तत्कालीन थाना टोंक के सीसीटीएनएस ऑपरेटर, जांच अधिकारी एएसआई प्रभुसिंह राजावत एवं थाना प्रभारी किशनलाल यादव की भूमिका संदिग्ध थी उन्होंने आरोपियों को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी एफआईआर में काफी बड़े स्तर पर फेर बदल कर दी थी, और तमाम अक्षरो को ऊपर नीचे लिखते हुए टाइप कर दिया था जबकि कानून एवं नियमानुसार ऐसा किया जाना एक दम गलत तथा गैर कानूनी है जिससे पूरे मुकदममे का मजमून ही बदल गया था, आरोपियों ने इस पूरे मामले को जानबूझ कर दवाये रखा था इसकी सूचना तक संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों को नहीं दी थी राजा भईया की शिकायतों पर ही एक अन्य प्रकरण भी जांच के बाद तत्कालीन आई जी जेल श्री आलोक वशिष्ठ की अनुशंसा पर थाना कोतवाली टोंक में ही मु न.130/2021 भादस.की भिन्न भिन्न धाराओं में दर्ज कराया गया था इस प्रकरण में जेल के तीन तत्कालीन कैदीयों व एक व्यापारी जेल कैंटीन माल सप्लायर को गिरफ्तार भी किया जा चूका है, इस बात की जानकारी होने पर उपरोक्त शिकायतकर्ता ने एक लिखित शिकायत दिनांक 21/09/2020 को आईजीपी अजमेर, पुलिस अधीक्षक टोंक एवं थाना प्रभारी थाना कोतवाली टोंक को की थी और उसके बाद कई रिमाइंडर पत्र भी संबंधित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भेजे थे परन्तु किसी ने कोई कार्यवाही नहीं की तो मजबूरन उन्होंने एक और इस्तगासा तत्कालीन सीजेएम कोर्ट टोंक के समक्ष दायर किया जिस पर कोर्ट ने सभी तथ्यों और दस्तावेजों का अवलोकन कर मामले को गम्भीर पाते हुए उपरोक्त आरोपी सभी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध एफसीआर दर्ज कर कार्यवाही करने के आदेश दिए जिस पर थाना कोतवाली टोंक में ही मु. स.416/2021, धारा 166 ए,167,218,409,405,466,

201,120 बी, 34, भादस. के तहत दर्ज किया गया जिसकी जांच उस समय के मौजूदा पुलिस उप अधीक्षक सालेह मोहम्मद द्वारा की गई, परन्तु अपने स्टाफ के पुलिस कर्मियों को बचाते हुए उन्होंने भी इस प्रकरण में दिनांक 26/04/2023 को एक,एफ आर आदलत में यह कहते हुए पेश कर दी कि मामला मात्र टाइपिंग मिस्टेक का है। जिस पर हार ना मानते हुए एडवोकेट राजा भईया ने कोर्ट में एक प्रोटेस्ट पिटीशन नाराजगी याचिका दायर की और तमाम एफआर की और जांच की कानूनी कमियों से अदालत को रूबरू कराया सभी दस्तावेजों,दायर एफआर, प्रोटेस्ट पिटीशन और एफआईआर की बारीकियों को देखते हुये एवं शिकायतकर्ता की सभी दलीलें सुनने के बाद वर्तमान सीजेएम टोंक श्री कमल सोनी ने पुलिस द्वारा दायर एफआर को खारिज कर, शिकायतकर्ता के पक्ष में निर्णय देते हुए थाना कोतवाली टोंक के प्रभारी को निर्देशित किया कि वह पूरी पत्रावली को कोर्ट आदेश के साथ पुलिस अधीक्षक टोंक को प्रस्तुत करें और पुलिस अधीक्षक टोंक इस प्रकरण में पूर्व जांच अधिकारी से अनिम्न रेंक (पुलिस उप अधीक्षक से उच्च स्तर) के पुलिस अधिकारी से पुनः इस प्रकरण की जांच कराएं, और कोर्ट में आगमी सुनवाई पेशी दिनांक 27/02/2025 को नतीजा जांच रिपोर्ट पेश करें। आज पत्रकारों को अदालत के आदेश की सत्यप्रतियां देते हुए यह जानकारी स्वयं शिकायतकर्ता राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने दी, अब देखना होगा कि अगली यह जांच कितनी निष्पक्ष और सटीक अदालत में पेश की जाती हैं और क्या इस प्रकरण में आरोपी पुलिस कर्मियों को सजा मिल पाएगी या उन्हें फिर से बचाया जाएगा।

# जिलाधिकारी देहरादून के प्रयासों से जनपद में पटरी पर आने लगी स्वास्थ्य सुविधाएं



वेलकम इंडिया

**देहरादून।** जिलाधिकारी देहरादून समीम बंसल में चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक कर प्रेम नगर चिकित्सालय के सभी पांच प्रस्तावों को मौके पर ही स्वीकृति देते हुए धनराशि जारी करते हुए कार्यवाही के संबंध में आप क्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे चिकित्सालय में नव निर्मित ओटी के संचालन के लिए 02 ओटी लाइट लगाए जाने के लिए जम के माध्यम से क्रय आदेश निर्गत किया जा चुका है चिकित्सालय में गार्ड रूम बनाए जाने के लिए कार्य आदेश निर्गत किया जा चुके हैं चिकित्सालय में स्थापित पानी की टंकी की मरम्मत हेतु कार्य आदेश निर्गत किया जा चुके हैं चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके तीमारदारों के लिए कैंटीन के निर्माण करवाए जाने के लिए निवेदक कार्यवाही पूर्ण कर कार्य आदेश निर्गत किया जा चुके हैं चिकित्सालय में बनाए जा रहे नवनिर्मित बाल चिकित्सा आईसीयू के कारण चिकित्सालय में वर्तमान में इलेक्ट्रो लोड को 50 किलो वाट के स्थान पर 100 किलो वाट कराए जाने के लिए अधिशासी अभियंता यूपीसीएल मोहनपुर प्रेम नगर एनईएफटी के माध्यम से भुगतान कर दिया गया है।

# उत्तराखंड के प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त बने विपिन चंद्र

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** राज्य सूचना आयुक्त विपिन चंद्र ने सोमवार को प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त उत्तराखंड सूचना आयोग के रूप में कार्यभार ग्रहण किया पूर्व में रहे प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त विवेक शर्मा का कार्यकाल 4 जनवरी को पूर्ण होने पर सामान्य प्रशासन विभाग ने उत्तराखंड सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति होने के उपरांत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि तक मुख्य सूचना आयुक्त के कार्यों का साधारण अधीक्षक निर्देशन और प्रबंध करने हेतु विपिन चंद्र को नामित किया गया यह आदेश सचिव विनोद सुमन की ओर से जारी किया गया विपिन चंद्र भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं उनके द्वारा राज्य सूचना आयुक्त के रूप में 3 मार्च 2022 को कार्य भार ग्रहण किया गया इससे पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त उत्तराखंड के पद परआसीन रहे।

# धामी ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रण दिया

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया उन्होंने प्रधानमंत्री को मलारी चमोली की साल और नारायण आश्रम की प्रतिकृति भेंट की

मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के विकास में पीएम के नेतृत्व मार्गदर्शन और सहयोग के लिए प्रदेश की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य में संचालित विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश करणप्रयाग रेल परियोजना के प्रथम चरण पर तेजी से काम चल रहा है टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की स्वीकृति और परियोजना का पूर्ण वित्तीय वे भर केंद्र सरकार द्वारा किए जाने का अनुरोध किया मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश में प्रस्तावित बुनियादी विकास कार्यों के लिए ऋषिकेश के पुराने रेल स्टेशन को बंद करने और सभी ट्रेनों का संचालन ऋषिकेश के नए योग नगरी रेलवे स्टेशन से किए जाने का अनुरोध किया पुराने रेल स्टेशन की भूमि पर जो रेल ट्रैक है उसका उपयोग नई सड़क व्यवस्था के लिए किया जा सकेगा

जिससे यातायात में सुधार होगामुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में जल जीवन मिशन की प्रगति की जानकारी देते हुए जल जीवन मिशन से आमंत्रित केंद्रीय अंशदान की अवशेष धनराशि जल्द एवं मुक्त किए जाने के लिए संबंधित को निर्देशित करने का आग्रह किया मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश को रिवर राफ्टिंग में आइकोनिक सिटी के रूप में चयनित करने का आभार व्यक्त करते हुए हरिद्वार ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर परियोजना के लिए राज्य के सीमित संसाधनों को देखते हुए केंद्र स्तर से संसाधन उपलब्ध किए जाने का अनुरोध किया मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश में टोपिया ऊर्जा के दोहन के लिए आइसलैंड एंबेसी के सहयोग से एक एमओयू प्रस्तावित है इस एमओयू पर भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मंत्रालय नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय से आवश्यक अनापत्ति पत्र प्राप्त किया जा चुका है

मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए सभी तकनीकी और वित्तीय सहयोग राज्य सरकार को प्रदान किए जाने का अनुरोध किया ताकि वर्ष 2017 तक कार्बन नेता जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने में उत्तराखंड अहम भूमिका निभा सके मुख्यमंत्री ने सड़क परिवहन मंत्रालय में प्रेषित प्रस्ताव ऋषिकेश बाईपास हरिद्वार बायपास पैकेज 2 देहरादून मसूरी कनेक्टिविटी देहरादून रिंग रोड चंपावत बाईपास लाल कुआं हल्द्वानी और काठगोदाम बाईपास और मां खंड प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिए संबंधित को निर्देशित किए जाने का भी अनुरोध किया।

# हादसे में चाचा की मौत भतीजा-भतीजी घायल



वेलकम इंडिया

**शाहपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बरवाला के पास एक बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार संदीप की मौत हो गई, जबकि युवती और एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। तितावी थाना क्षेत्र के गांव नरोत्तमपुर निवासी संदीप (35), वंशिका (18) कार्तिक (16) के साथ बाइक पर सवार होकर थाना क्षेत्र के गांव बरवाला से दवाई लेकर अपने गांव लौट रहे थे। जब वह गांव बरवाला से आगे पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को मुजफ्फरनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। सोमवार दोपहर गांव नरोत्तमपुर के ग्रामीण गांव बरवाला के गेट पर पहुंचे और अज्ञात वाहन चालक को गिरफ्तार करने के साथ मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर जाम लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों को समझा बूझकर शांत किया। घटना के संबंध में मृतक के परिजन राजकुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है।

# भाजपा शतप्रतिशत जीत के लक्ष्य के साथ उत्तरी निकाय चुनाव में जोशी

वेलकम इंडिया




**देहरादून।** सत प्रतिशत जीत के लक्ष्य के साथ निकाय चुनाव में जीत का शतक लगाने जा रही है जिसकी सुनिश्चित करने के लिए पार्टी सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को पत्रकार वार्ता श्रृंखला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाएगी पार्टी मुख्यालय में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने इसकी शुरूआत करते हुए मीडिया से वार्ता की इस दौरान उन्होंने दावा किया कि 102 में से जिन 100 निकाय में चुनाव हो रहे हैं वहां भाजपा सभी सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य देकर उतरी है नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता राज्य के सभी जनपदों में पत्रकार वार्ता कर मुद्दों को जनता तक पहुंचाएंगे उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन को एकजुट कर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में हमारा प्रयास है प्रदेश सरकार के कामों और उपलब्धियां केंद्र सरकार के सहयोग से हुए विकास कार्यों कोसामने लाना विशेष कर स्थान ने निकायों नगर निगम या नगर पालिका और नगर पंचायत में जो हमने काम किए हैं उन सभी को लेकर हम जन-जन तक पहुंच रहे हैं उन्होंने बताया कि इसमें दो मुख्य विषय हमारे हैं पहले जो काम हमने किए हैं उनको हम बताएंगे और जो काम हमें आगे करने हैं उसकी भी जानकारी हम लोगों को देंगे ऐसे मुद्दों की सिलसिलेवार चर्चा करते हुए उन्होंने विपक्ष को निशाने पर लिया कहां हम लोग विकास को लेकर राजनीति कर रहे हैं और विकास के कामों को लेकर ही जनता के बीच जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल हैं जो जब जब भी हम विकास को लेकर आगे बढ़ते हैं वह उसके अवरोध करने का प्रतिशत प्रयास करते हैं।

# मेवाड़ में श्री गुरु गोविन्द सिंह जयंती समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** 'श्री गुरु गोविन्द सिंह ने जितने भी युद्ध लड़े वे जातियों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सुरक्षा, अत्याचार और अन्याय के खिलाफ लड़े। श्री गोविन्द सिंह दूरदर्शी, महान विचारक, योद्धा, महापुरुष और दलितोद्धारक थे। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने श्री गुरु गोविन्द सिंह जयंती समारोह में ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने श्री गुरु गोविन्द सिंह के बाल्याकाल के कुछ प्रेरक संस्मरण भी सुनाये। मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षण स्टाफ एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व के इतिहास में गुरु गोविन्द सिंह जैसा महान बलिदानी पैदा नहीं हुआ। देश के लिए उन्होंने अपने पिता व बच्चों का बलिदान तक कर दिया। वह अन्याय के प्रति संघर्ष करते रहे मगर अपनी कौम की आन, बान और शान को नहीं छोड़ा। वह परिवार बलिदान हो जाने के बावजूद टूटा नहीं, बल्कि दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया। उनका संघर्ष किसी एक समुदाय विशेष के साथ नहीं बल्कि अत्याचारियों के खिलाफ था। डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि श्री गुरु गोविन्द सिंह समाज प्रवर्तक थे। सभी जातियों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने खालसा पंथ बनाया। उनका मानना था कि हर परिवार का एक सदस्य सिख जरूर बने। समारोह में अलका, अंजलि, आयुषी, अन्नु यादव, ज्योति, अर्चना, अंजलि एंड ग्रुप आदि विद्यार्थियों ने शबद-कीर्तन, कविताओं, सम्भाषण के जरिये श्री गुरु गोविन्द सिंह के आदर्शों व उनके जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन बीएड की छात्राओं आयुषी एवं अंकिता ने किया।

## बलवाखेड़ी होकर अंबाला के लिए नई रोडवेज बस का

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर डिपो की अंबाला के लिए नई रोडवेज बस का संचालन सोमवार से शुरू हो गया। यह रोडवेज बस मुजफ्फरनगर से चलकर चरथावल के गांव बलवाखेड़ी में रात में रुकेगी। सुबह अंबाला के लिए रवाना होगी। मुजफ्फरनगर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि मुजफ्फरनगर से यह बस शाम साढ़े पांच बजे चलेगी। शामली बस अड्डे से होते हुए लकड़संधा, दधेड़ू, नंगलाराई, चरथावल, बिरालसी के बाद बलवाखेड़ी पहुंचेंगी। यह बस सुबह छह बजे ननौता होते हुए सहारनपुर पहुंचेंगी। वहां से अंबाला के लिए रवाना होगी। उन्होंने बताया कि अंबाला से दोपहर बाद मुजफ्फरनगर आएगी।

## एक ट्रेन रदद, दो पहुंची लेट

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को दिल्ली से जालंधर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन रदद रही। इसके अलावा प्रयागराज से वाया मुजफ्फरनगर होकर सहारनपुर जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस तीन घंटा व ओडीशा के पुरी शहर से ऋषिकेश जाने वाली उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन चार घंटे देर से पहुंची। दूरी वाली इन ट्रेनों का रेलवे स्टेशन पर इंतजार करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल ने किया

वेलकम इंडिया

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के मुख्य चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न वार्डों में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा मेयर प्रत्याशी किरण जैसल ने किया भाजपा चुनाव कार्यालय गऊघाट शारदा नगर रविदास बस्ती गोविंदपुरी सप्त ऋषि दुर्गा नगर बिलुकेश्वर नगर शिवलोक ऋषिकुल टीबडी पीठ बाजार ब्रह्मपुरी मायापुर में खोले गए चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मेयर प्रत्याशी श्री मति किरण जैसल ने कार्यकताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा जो विकास का पर्याय बन चुकी है मेयर पद पर विजय होने के पश्चात विकास की गति को और तेजी प्रदान करेगी नगर निगम चुनाव प्रभारी ज्योति गैरोला ने कार्यकताओं का आह्वान किया कि वह इस चुनाव के परिणामों से यह दर्शा दिया है की हरिद्वार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का सबसे मजबूत गढ़ है अपने संबोधन में विधायक मदन कौशिक ने कहा हरिद्वार की जनता ने हमेशा से ही भाजपा को भारी समर्थन दिया है और और जनता के आशीर्वाद से आभास होने लगा है कि मेयर किरण जैसल और वार्डों में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी जीत के नए रिकॉर्ड स्थापित करेंगे प्रथम मेयर मनोज गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा कार्यकताओं का जोश दर्शा रहा है कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जप्त होगी जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी ने कार्यकताओं से बूथ स्तर पर जुट जाने का आह्वान किया इस अवसर पर पार्षद प्रत्याशी हिमांशु आडवाणी पिंकी चौधरी भूपेंद्र कुमार ममता नेगी आकाश भाटी सूर्यकांत शर्मा सचिन कुमार निशा नौटियाल ललित रावत रानी देवी मोनिका वर्मा निशांत मंजू रावत ने प्रत्याशी किरण जैसल को आश्वस्त किया भारतीय जनता पार्टी उनके क्षेत्र से भारी बहुमत से विजय होगी।



# गुरू गोविंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर गुरूद्वारे में धार्मिक आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। सिखो के दशम धर्मगुरू श्री गुरू गोविंद सिंह जी का प्रकाशोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। मोदीनगर व गोविंदपुरी के गुरूद्वारे में अखण्ड पाठ, शबद, कीर्तन, भोग व विशाल लंगर आदि विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। जिनमें पर्याप्त संख्या में संगत शरीक हुई।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोविंदपुरी मोदीनगर में दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पूर्व बड़ी ही श्रद्धा भावना से मनाया गया। जिसमें आज सुबह श्रीं अखंड पाठ साहिब का भोग उपरांत निशान साहिब चढाया गया। उपरांत कीर्तन व गुरु का लंगर अटुट बाटा गया। गुरुद्वारा साहिब में सभी श्रद्धालू ने बड़ी श्रद्धा से लंगर ग्रहण कियाह्ल गुरु घर के ग्रंथी ज्ञानी जसवंत सिंह ने भी गुरबाणी द्वारा संगत को निहाल किया। बच्चों द्वारा भी गुरबाणी कीर्तन गायन किया गया गुरुद्वारा साहिब के प्रधान बलविंदर सिंह द्वारा गुरु साहिब की जीवनी पर



प्रकाश डाला गया। सभी परिवारों का गुरुद्वारा कमिटी द्वारा बहुत बहुत धन्यवाद जिन्हों ने गुरुद्वारा साहिब आकर गुरु घर की शोभा बढाई। मोदीनगर गुरूद्वारा रोड स्थित श्री गुरू सिंह सभा द्वारा गुरूद्वारे में आयोजित गुरू गोविंद सिंह प्रकाश पर्व कार्यक्रम का संचालन प्रधान श्री सरदार जसवीर सिंह ने किया। सरदार राजेंद्र सिंह ने गुरू गोविंद सिंह के आदर्शो पर प्रकाश डाला। शबद, कीर्तन व पाठ से संगत निहाल हुई।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में चली गोली

**मोदीनगर**। शाहजहांपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर देर रात दो पक्ष आमने-सामने आ गए। एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी की गई। पत्थरबाजी का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर में सुदेश और आशीष का घर आसपास है। जिस गली में दोनों का घर है, उसका रास्ता सिर्फ चार फीट चौड़ा है। आशीष पक्ष के लोग रास्ते पर आग जलाकर बैठ जाते हैं। इस कारण निकलने की जगह नहीं बचती। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। सुदेश पक्ष ने आशीष पर धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए मोदीनगर थाने में शिकायत की थी। हालांकि, पुलिस ने दोनों पक्षों का मामला सुलझा दिया था। आरोप है कि देर रात करीब तीन बजे के आसपास सुदेश के घर पर जमकर पत्थरबाजी हुई। सुदेश ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि सुदेश और आशीष के बीच रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। सुदेश ने धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप लगाए हैं।

# उत्तर प्रदेश स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गाजियाबाद का दबदबा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। बनारस में हुई उत्तर प्रदेश स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गाजियाबाद का दबदबा रहा।मास्टर एथलीट चैंपियनशिप गाजियाबाद जिलाध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया कि 33 वी उत्तर प्रदेश स्टेट मास्टर एथलीट चैंपियनशिप 4,5 जनवरी को उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी उत्तर प्रदेश में हुई। जिसमें गाजियाबाद के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया, और 9 गोल्ड 9 सिल्वर 2 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। सेक्रेटरी मास्टर एथलीट गाजियाबाद लखी राम चौधरी ने 4 मेडल,जिला अध्यक्ष एथलीट गाजियाबाद अजय प्रमुख ने 3 मेडल, वीरेंद्र कुमार रजापुर ने 3 मेडल, महिपाल सिंह अटौर ने 3 मेडल, देव कुमार रजापुर के 3 मेडल, नरेश कुमार गाजियाबाद के 2 मेडल, प्रवीण चौधरी तिबडा के 2 मेडल प्राप्त करके गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया। 400.100 रिले दौड़ मे गोल्ड मेडल, 5000 मीटर रेस वॉक मे सिल्वर मेडल, 200 मीटर दौड़ मे ब्रोंज मेडल प्राप्त क्या।

## पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मुरादनगर**। गांव बहादरपुर में पेड़ काटने के विवाद में मनोज त्यागी और विनेश त्यागी के बीच कहासुनी हो गई थी। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग भी हुई थी। इसमें पैर में गोली लगने से रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले में अभिषेक त्यागी ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मनोज, विनेश त्यागी, शुभम, अनुभव और राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही।

## ठंड से बचाव के लिए जरूरमंद 100 लोगों को बांटे गर्म कपड़ें

**गाजियाबाद**। विद्युत पेंशनर्स एसोसिएशन सेवा समिति ने राजनगर में ठंड से बचाव के लिए गरीब एवं जरुरतमंद करीब 100 लोगों को गर्म टोपे वितरित किए। अवसर पर बीएस शर्मा, आरके गुप्ता, डीके अरोड़ा, अंशुल अग्रवाल, एसके सखूजा, एसके अग्रवाल, आरएन लाल आदि उपस्थित रहे। अंशुल अग्रवाल ने बताया कि समिति गरीब बच्चों के लिए किताबें, ड्रेस, जूते और वृद्ध आश्रम में रहने वालों को खाद्य सामग्री, गर्म कपड़े एवं बर्तन आदि भी वितरित करती है।

## 11 जनवरी तक कक्षा 8वीं तक के स्कूल रहेंगे बंद

**गाजियाबाद**। कड़ाके की सर्दी को ध्यान में रखकर शिक्षा विभाग ने जिले के आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों को 11 जनवरी तक बंद रखने के आदेश जारी कर दिए हैं ।जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि डीएम के निर्देश पर स्कूलों को बंद कराया गया है। इसके साथ ही कक्षा नौ से 12 तक के छात्र स्कूलों में नौ बजे से ही आ सकेंगे। प्री-बोर्ड की परीक्षाएं और प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी स्कूलों में होती रहेंगी। नौ बजे से पहले छात्रों को बुलाने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश सभी स्कूलों पर लागू होगा। सीबीएसई, आईसीएसई, वित्त विहीन, शासकीय और अशासकीय स्कूल भी इस आदेश के दायरे में रहेंगे। सरकारी प्राथमिक स्कूलों में पहले से ही 15 जनवरी तक के लिए शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। इससे पहले विभाग ने पांच जनवरी तक स्कूलों को बंद रखने के निर्देश जारी किए थे।

## सिगरेट के पैसे मांगने पर की दुकानदार की धुनाई

**मोदीनगर**। लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी अजय कुमार परचून की दुकान चलाते हैं। रविवार रात दुकान पर दो युवक आए। उन्होंने सिगरेट और कोल्ड ड्रिंक ली। सामान लेकर युवक जाने लगे। जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो वह नाराज हो गए। दोनों ने पीड़ित को सड़क पर गिराकर पीटा। जब उसे बचाने परिवार के अन्य लोग आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। दुकानदार ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है

## दबंगों ने की मां और बेटे की पिटाई

**मुरादनगर**। जलालाबाद गांव में पुरानी रंजिश में दबंगों ने मां और बेटे की पिटाई कर दी। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जलालाबाद निवासी आसिफ और फरमान के बीच जीएसटी फार्म को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार रात आसिफ दुकान जा रहा था। रास्ते में कई युवकों ने उससे मारपीट कर दी। शोर सुनकर उसकी मो अनीशा पहुंची तो दबंगों ने उसकी भी पिटाई कर दी। पीड़िता ने 50 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। महिला ने इस संबंध में मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि ड्ढ तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# वरिष्ट नागरिक संस्था की मासिक बैठक में संगठन को सक्रिय व मजबूत बनाने पर बल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। नगर के बुजुर्गो की एक मात्र पंजीकृत संस्था वरिष्ट नागरिक संस्था की मासिक बैठक यहां पुस्तकालय भवन में हुई। जिसने संस्था को और अधिक सक्रिय, सुदृढ़ एवं समाजोपयोगी बनाने पर बल दिया गया। इस दिशा में कई सकारात्मक सुझाव प्राप्त हुए। वरिष्ठ नागरिक संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार सच्चिदानंद पंत ने बताया कि रकम सिंह दरोगा जी की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक का संचालन महामंत्री रामकुमार गुप्ता सौमित्र ने किया। दरयाब सिंह राजपूत ह्यब्रजकणह्न, डा0 हरिदत्त गौतम ह्यअमरह्न, हाजी शाहबुद्दीन, रकम सिंह, डा0 पनमानी आदि के काव्य पाठ तथा शेरो शायरी ने वातावरण काव्यमय बना दिया। आधा दर्जन से अधिक बुजुर्गो के सामूहिक जन्मदिन मनाकर उनकी दीघार्यु की कामनाएं की गई। परस्पर नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर रामेश्वर दयाल गुप्ता, सतीश गुप्ता एडवोकेट व रतन सिंह पुनिया-संरक्षक मंडल के सदस्य, वीरेंद्र गुप्ता, अशोक सिरोही, एनके ग्रोवर सहित अन्य कई बुजुर्ग मौजूद थे।



## युवक से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 41 लाख रुपये की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जिले में साइबर अपराधियों ने टीला मोड़ निवासी युवक से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 41 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित के मुताबिक उन्हें फेसबुक के जरिए शेयर ट्रेडिंग टिप्स देने शुरू किए गए।

उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़कर कुछ दिन टिप्स दिए गए। फिर एक एप डाउनलोड कराकर उनसे ट्रेडिंग शुरू कराई। पीड़ित से 10 दिसंबर से लेकर 29 दिसंबर के बीच विभिन्न बैंक खातों में 41 लाख रुपये ट्रांसफर कराकर ठगी की गई है। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। टीला मोड़ स्थित भारत सिटी निवासी राहुल दत्त शर्मा के मुताबिक पांच दिसंबर को उन्हें फेसबुक पर विजय नामक व्यक्ति ने शेयर ट्रेडिंग टिप्स का मैसेज किया था। इसके बाद उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ लिया गया। ग्रुप एडमिन दिव्यांशी नामक युवती ने उन्हें एक ट्रेडिंग एप के बारे में बताया कि एप पर ट्रेडिंग करने पर अच्छा मुनाफा होता है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव नामांकन प्रक्रिया हेतु जिला बैठक कल

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत बूथ,मंडल अध्यक्षों के गठन के बाद शीर्ष नेतृत्व द्वारा आदेशित कल (आज) 7 को भाजपा जिलाध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए जिला स्तर पर लोनी विधानसभा क्षेत्र के दादी भोई फार्म हाउस में दोपहर 2:00 बजे बैठक होना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में जिला चुनाव अधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बहराइच विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल,जिला पर्यवेक्षक प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर के द्वारा जिलाध्यक्ष पद के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। इस बैठक में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण,वर्तमान पदाधिकारी और मंडल स्तर पर निवास करने वाले सक्रिय सदस्य पदाधिकारी वरिष्ठ जन उपस्थिति रहेंगे। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण रूप से संगठन पर्व अर्थात बिना किसी भेदभाव के पूरे पारदर्शिता अनुसार सम्पन्न कराया जाएगा। उक्त जानकारी राजेन्द्र वाल्मीकि जिला महामंत्री एवं जिला सह चुनाव अधिकारी जनपद गाजियाबाद ने दी।

## गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं से वार्ता कर की सराहना

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्राएं मुस्कान,कनिका चौधरी, अनुष्का, सोफिया जुल्फिकार शालू यादव एनसीसी,प्राची एनसीसी ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से रूबरू होकर वातार्लाप कर उनकी सराहना भी की। ज्ञात हो कि मोदी जी द्वारा साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत रैपिड रेल का गत दिवस उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मोदी जी ने छात्राओं से वातार्लाप किया। छात्राओं से उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में परिचर्चा कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आशीर्वाद दिया।



## दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस- वे दो खंड बनकर तैयार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस- वे दो खंड बनकर तैयार हैं। जल्दी ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कर सकते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को अन्य परियोजनाओं के साथ ही प्रधानमंत्री को दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस-वे का भी लोकार्पण करना था। सारी तैयारियां हो गई थीं। डयूटी भी लगाई जा चुकी थीं, लेकिन शनिवार शाम को एक्सप्रेस- वे का लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। माना जा रहा है कि अब जल्द की इसके लिए प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तारीख मिलेगी। दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेस-वे के दो खंड 32 किमी के हैं। 17 किमी का एक पहला हिस्सा दिल्ली में है, इसमें से साढ़े छह किमी लंबा एक्सप्रेस-वे एलीवेटेड है। दूसरा खंड उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद और बागपत जनपद से गुजरता है, इसकी लंबाई 15 किमी है। एक्सप्रेस-वे दिल्ली में अक्षरधाम से शुरू होकर लक्ष्मीनगर, गीता कालोनी, शास्त्री पार्क, खजूरी खास और बिहारीपुर होते हुए अकुंर विहार से गाजियाबाद में प्रवेश करेगा। गाजियाबाद में पावी पुश्ता और मंडोला से होते हुए एक्सप्रेस-वे बागपत जनपद में प्रवेश कर जाएगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज सिंह ने बताया कि एक्सप्रेस-वे दो खंड पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सेफ्टी टैस्ट की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। करीब 32 किमी के ये दोनों खंड उदघाटन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एक्सप्रेस-वे के तैयार हिस्से को वाहनों के लिए खोला जा सकता है।



# कराटे चैंपियनशिप में आनिया स्पोट्र्स कराटे अकेडमी के खिलाड़ियों ने 9 मेडल पर जमाया कब्जा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। मोदीनगर की आनिया स्पोट्र्स कराटे अकेडमी के खिलाड़ियों ने मेरठ में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर 9 मेडल पर कब्जा जमाया। मेरठ के राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय जे.के.एस साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसमें टूनार्मेंट 22 राज्यों की टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें हरियाणा,पंजाब, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, चेन्नई,तमिलनाडु असम,गुवाहाटी, दिल्ली,गुजरात, कश्मीर, उत्तराखंड,हिमाचल प्रदेश, बेंगलुरु,आदि विभिन्न राज्यों के 560 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश टीम की ओर से मोदीनगर की आनिया स्पोट्र्स कराटे अकैडमी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर 9 मेडलो पर कब्जा जमाया। सब जूनियर बालीका का वर्ग 25किलो भार वर्ग में (आनिया) ने गोल्ड मेडल 20 ह्यं (आरना गोरई) ने सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया । क्रेडिट वर्ग 40ह्यं (आराध्या चौधरी ) 60ह्यं (विशाखा सिंह )ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया ,वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में 35ह्यं (रिषित अरोड़ा), 40ह्यं (अभिनंदन रुहेला),45 वर्ग (अर्जुन मलिक) ने गोल्ड मेडल व35ह्यं वर्ग (निशांत शर्मा) ने सिल्वर पर कब्जा जमाया। कैडेट वर्ग में 70ह्यं वर्ग मे (आयुष गोस्वामी) ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया विजेता खिलाड़ियों को कोच अजय कुमार व टीम मैनेजर मयंक सिंह द्वारा बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# शिविर में 40 जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनाए

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर**। यहां तिबड़ा रोड पर पूर्व सभासदों नवीन जायसवाल व निशा अग्रवाल की पहल पर आयोजित एक शिविर में 40 जरूरतमंद लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान कार्ड पाकर कुछ बुजुर्गो ने जायसवाल दम्पति के प्रति आभार जताया। अश्वनी गुप्ता का भी भरपूर सहयोग रहा।



# ठंड से बचाव में इंसानों के साथ बेजुबानों का भी निगम रख रहा विशेष ध्यान

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** न्यू ईयर एक जनवरी से ही मौसम ने जो पलटी मारी है, वह दिन प्रतिदिन और भी गंभीर होती जा रही है। सोमवार को पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। गिरते तापमान के साथ कनकनी वाली ठंड ने आम जन जीवन को बेपटरी कर दिया है। ठंड के कारण लोगों का घरों से निकलना कम हो गया है। शीतलहर चलने व कड़ाके की ठंड पड ? का दौर जारी रहा। धुंध पड ?, शीतलहर चलने का दौर अगले एक सप्ताह तक जारी रह सकता है। पहाड़ी इलाकों में इस बार पड़ रही बर्फ के कारण मैदानी इलाके भी प्रभावित हुए हैं। ठंड व शीतलहर से सामान्य जनजीवन प्रभावित है। आम लोगों का रोजमर्रा का जीवन इन दिनों काफी देरी से शुरू हो रहा है। शहर में पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए नगर निगम की ओर से बेजुबान जानवरों (गाय और कुत्तों) को ठंड से बचाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे हैं। जिनमें डॉग मैट्रस, काऊज मैट्रस, अलाव के साथ-साथ गौशालाओं में तिरपाल व शेड लगाकर उन्हें ठंड से बचाने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण के साथ-साथ गाजियाबाद में भी पारा दिन पर दिन लुढ़कता ही जा रहा है। जिस वजह से सर्दी में और भी ज्यादा इजाफा देखने को मिल रहा है। इस भीषण सर्दी में इंसान तो इंसान बेजुबान जानवर भी परेशान हैं। ऐसे में इन जानवरों को ठंड से बचाने और उनकी देखरेख करने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के द्वारा संचालित हो रहे गौ-आश्रय स्थलों पर संरक्षित गौवंश को वर्तमान में चल रही शीत लहर से बचाव के लिए तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे है। निराश्रित जीवों को ठंड से बचाने के लिए शहर वासियों से भी अपील कर रहे हैं। ऐसे बेजुबान पशु पक्षी जो निराश्रित है, हमारे आसपास ही रहते हैं, बढ़ती हुई ठंड से प्रभावित हो रहे हैं। मानवता के आधार पर निराश्रित श्वान एवं अन्य जीवों को ठंड से बचाव के लिए उन पर गर्म कपड़ा बांधने, उनके खाने पीने का ध्यान रखते हुए सहयोग करने की अपील की जा रही है। नगर आयुक्त अपने प्रतिदिन निरीक्षण के दौरान जहां जरुरतमंदों को कंबल वितरित किए कर रहे है तो वहीं निराश्रित श्वान व नंदी पार्क में गोवंशों का भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनकी देखरेख सही ढंग से हो संबंधित को निर्देशित भी किया जा रहा है। नगर आयुक्त द्वारा रेलवे स्टेशन का भ्रमण करते समय अलाव के पास ठंड के बचाव के लिए बैठे श्वान को देख उसको बिस्किट खिलाया गया। उसकी पीठ पर गर्म कपड़ा भी ढका गया, जिससे ठंड से बचाव किया जा सकें।



इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा नंदी पार्क पहुंचकर गोवंशों के लिए ठंड के बचाव के इंतजाम को देखा गया और बछड़े को झूल पहनाकर ठंड से बचाव कराया गया। नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा निरंतर ठंड से बचाव के लिए निराश्रितों के लिए प्राथमिकता पर कार्य किया जा रहा है। वहीं निराश्रित श्वानके लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, पशु प्रेमियों से भी नियम अनुसार सहयोग करने के लिए अपील की जा रही है।

# जीडीए के कैंप में मेंटेनेंस चार्ज जमा कराएं, मनचाही स्कीम में पाएं आशियाना



वेलकम इंडिया

- जीडीए ने जनता से सीधा लोक संवाद स्थापित किया
- निरीक्षण में मुख्य अभियंता के साथ संबंधित अधिकारी और संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स जी की दूरदर्शी है (जीडीए) द्वारा इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना में अनुरक्षण शुल्क जमा करने हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन उन्हीं की सोच है जिससे प्राधिकरण के कोष में इजाफा और नागरिकों को अच्छी सुविधा भी मुहैया कराई जा सकेगी। इस कैंप के माध्यम से नागरिकों को सुविधा प्रदान करते हुए, जीडीए ने जनता से सीधा लोक संवाद स्थापित किया, जिससे योजना से जुड़े हर प्रश्न और समस्या का समाधान किया जा सके। कैंप के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने के लिए इसका प्रचार-प्रसार गाड़ियों पर बैनर और लाउडस्पीकर लगाकर किया गया, जिससे यह संदेश हर नागरिक तक पहुंच सके। इसके साथ ही, जीडीए की योजनाओं में 'पहले आओ, पहले पाओ' के तहत फ्लैट प्राप्त करने के सुनहरे अवसर की नागरिकों को प्रदान की गयी। यह पहल नागरिकों के बीच भारी उत्साह और सकारात्मकता लेकर आई।

इसके अतिरिक्त, मुख्य अभियंता महोदय ने मावी चौक से जल निगम के मेन होल नंबर 78 तक सीवर लाइन डालने के कार्य का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता महोदय ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को समय पर कार्य पूरा ना करने के लिए फटकार लगाई। साथ ही, काम में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य अभियंता के साथ संबंधित अधिकारी और संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण नागरिकों की भलाई और शहर के विकास हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। प्राधिकरण की यह पहल न केवल योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि शहर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने में भी अहम भूमिका निभा रही है।

# दोस्तों से परेशान युवक ने एमएमजी में कराई सर्जरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिला एमएमजी अस्पताल में अपने दोस्तों से परेशान होकर एक युवक ने सर्जरी कराई है। अब आप कहेंगे कि भला ऐसी भी कोई सर्जरी होती होगी जो दोस्तों द्वारा परेशान किए जाने पर कराई जाए, लेकिन आप भी इस अजीबो गरीब सर्जरी के बारे में जानेंगे तो मान जाएंगे कि हां ऐसा हो सकता है। दरअसल विजयनगर इलाके में रहने वाले एक 21 साल के युवक की दोनों स्तनों की असामान्य ग्रोथ ने उसे परेशान कर रखा था और इस बात को लेकर दोस्त उसे छेड़ते रहते थे। परेशान होकर इस युवक ने जिला एमएमजी अस्पताल के सर्जन डॉ. मिलिंद गौतम से संपर्क किया। सीएमएस डा. राकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक की इच्छा पर उसकी सर्जरी प्लान की गई। इसके लिए युवक से एक शपथ पत्र लिया गया और फिर उसके दोनों स्तनों में एक्सट्रा ग्रोथ को रिमूव कर दिया गया। सीएमएस ने बताया कि दोनों स्तनों का वजन करीब डेढ़ किलो निकला। एक्सट्रा ग्रोथ का सैंपल जांच के लिए भी भेजा गया है। एनेस्थेटिस्ट डा. चरण सिंह ने बताया कि सर्जन डा. मिलिंद गौतम, वीके मिश्रा और स्टाफ नर्स की टीम ने शनिवार को जिला अस्पताल में इस तरह की पहली सर्जरी की। युवक पूरी तरह स्वस्थ है। उन्होंने बताया कुछ मेल ऐसे होते है जिनमें फीमेल्स वाले हार्मोन्स हावी हो जाते हैं, हालांकि ऐसा कोई हजारों में एक से ज्यादा नहीं होती। किसी महिला के साथ भी ऐसा हो सकता है। युवकों में स्तनों की एक्सट्रा ग्रोथ को सर्जरी कर निकाल दिया जाता है। यह सर्जरी जहां जिला अस्पताल में चर्चा का विषय बनी हुई है वहीं आमजन को इसकी जानकारी राहत देने वाली है।

# लव जिहाद की शिकार गाजियाबाद की युवती के आत्महत्या का नगर कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा



वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** बीते 11 दिसंबर को गाजियाबाद के चंद्रपुरी इलाके में दर्दनाक हादसा सामने आया था एक 30 वर्षीय युवती ने अपने ऊपर तेल छिड़कर आगजनी आत्महत्या की थी। ऐसा क्या हो गया था कि युवती ने इतना बड़ा कदम उठाया। इसी की तफ्तीश करते हुए नगर कोतवाली गाजियाबाद ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार जिसने युवती को प्रेम जाल में फंसाया और अपने धर्म में शामिल करने की नियत से उससे शारीरिक संबंध बनाए ना केवल उससे शादी का झांसा देकर युवती से साढ़े छह लाख रुपए भी ऐंठे और उसको मंकी नामक नशे की लत भी लगा डाली। जिसके पुलिस द्वारा मीडिया को सबूत भी साझा किए गए।

डीसीपी नगर राजेश कुमार ने बताया पकड़ा गया अभियुक्त 38 वर्षीय फराज अथर पुत्र शब्बन अली निवाशी शाहदरा दिल्ली है जो कि पढ़ा लिखा अपनी एक कंपनी भी चलाता है युवती को उन्हें प्रेम जाल में फांसकर युवती को प्रेग्नेंट भी किया बीते नवंबर माह में सगाई भी की और बीते 05 दिसंबर को शादी का वायदा भी किया जिससे आहत होकर आत्मदाह से पहले लगभग 120 कॉल भी की।

# नोएडा पुलिस का ऑपरेशन तलाश 1000 का वेरिफिकेशन 149 पर हुआ एक्शन

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** नोएडा पुलिस ने ऑपरेशन तलाश चलाया है। इसके तहत 2 जनवरी से 5 जनवरी तक शहर भर में घूम रहे अपराधियों का सत्यापन करवाया गया है। इन अपराधियों में जो शहर में सक्रिय पाए गए हैं उनके खिलाफ गुंडा एक्ट में कार्रवाई भी की गई है। इस ऑपरेशन को चलाने का मकसद आने वाले दिनों में अपराधों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है।

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के आदेश पर 2 जनवरी से 5 जनवरी तक पुलिस ने ऑपरेशन तलाश चलाया है। इस ऑपरेशन के तहत नोएडा पुलिस ने नोएडा में घूम रहे करीब 1000 अपराधियों का सत्यापन किया, जिसमें 566 अपराधी अन्य राज्यों और जिलों से संबंधित थे। पुलिस ने उनके राज्यों और संबंधित थानों को इन अपराधियों के बारे में जानकारी भेजी है। इसके अलावा 149 अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है, जिन्हें जेल के बाहर सक्रिय पाया गया था। इन अपराधियों के खिलाफ गंभीर अपराधों की संभावना को देखते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। इस ऑपरेशन को लेकर एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि ऑपरेशन तलाश के तहत पुलिस ने न केवल अपराधियों का सत्यापन किया, बल्कि उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी जुटाई। पुलिस का यह अभियान अब भी जारी है और भविष्य में अपराधों की रोकथाम के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट से मिली जानकारी के मुताबिक इस ऑपरेशन में पुलिस ने विभिन्न अपराधियों की गतिविधियों को ट्रैक किया और उनसे संबंधित सभी जानकारी संबंधित राज्यों और जिलों को भेजी जा रही है। पुलिस का उद्देश्य नोएडा में अपराध की मंशा से घूम रहे अपराधियों पर शिकंजा कसना है।



# दूषित पेयजल आपूर्ति पर आवास एवं विकास परिषद सख्त, बिल्डर को नोटिस

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में बिल्डरों की मनमानी चल रही है। राजनगर एक्सटेंशन की कई सोसायटियों में पानी के नमूने फेल होने के बाद सिद्धार्थ विहार का भी यही हाल सामने आया है। सिद्धार्थ विहार की गौर सिद्धार्थम सोसायटी से स्वास्थ्य विभाग ने पानी के 11 नमूने लिए थे। सभी की गुणवत्ता खराब पाई गई है। सारे नमूने जांच में फेल हो गए। नमूने फेल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले से आवास एवं विकास परिषद को अवगत कराया है। आवास एवं विकास परिषद ने मामले में बिल्डर को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि सोसायटी में संक्रमण फैला तो बिल्डर की जिम्मेदारी होगी। आवास एवं विकास परिषद के अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि मेंटेनेंस का काम खुद बिल्डर के द्वारा देखा जा रहा है, ऐसे में बिल्डर की जिम्मेदारी बनती है सोसायटी के लोगों पीने के शुद्ध पानी मिले। यदि दूषित पानी की सप्लाई होने से सोसायटी में किसी प्रकार का का संक्रमण फैलता है तो उसके लिए बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्वित करने के लिए बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। बिल्डर सोसायटी में रह रहे लोगों साफ पानी उपलब्ध कराए।

अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि सिद्धार्थ विहार की गौर सिद्धार्थम सोसायटी पर आवास एवं विकास परिषद का करीब 350 करोड़ रुपया बकाया है।

# सीईओ रवि एनजी जी के निर्देशन में बना खास प्लान, शहर में 13 करोड़ खर्च कर किए जाएंगे विकास के कार्य

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुद्धनगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा शहर में 13 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए सीईओ के आदेश के बाद राशि जारी की गई है। इस धनराशि का उपयोग सड़क निर्माण, सीवरेज सिस्टम, जलापूर्ति, ड्रेन और हरित क्षेत्र के विकास के लिए किया जाएगा। प्राधिकरण ने इन कार्यों के लिए कुल 14 टेंडर जारी की हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक माह के भीतर इन विकास कार्यों की शुरूआत की जाएगी। आवासीय सेक्टर सिग्मा-2 में 60 मीटर चौड़ी सड़क के साथ सर्विस रोड और ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर दो करोड़ चार लाख रुपये खर्च होंगे। वर्तमान में सर्विस रोड के अभाव के कारण निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर रिक्रिएशन ग्रीन-6 में 24 मीटर चौड़ी सड़क, ड्रेन, सीवरेज सिस्टम और जलापूर्ति के लिए दो करोड़ 62 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देगी। इसके अलावा रूपवास, श्यौराजपुर, जौन समाना, भनौता, आमका, कैलाशपुर, वैदपुरा, सादोपुर, सादुल्लापुर, खोदना खुर्द और खोदना कलां गांवों के प्राथमिक विद्यालयों के नवीनीकरण के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।




# रिश्ते में साले की बेटी से अवैध संबंध रखने वाला निकला हत्यारा फूफा, कौशांबी पुलिस से मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद।** जिला गाजियाबाद के थाना कौशांबी पुलिस की सुबह भोर में करीब डेढ़ बजे वैशाली में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में गोली लगने के बाद पुलिस ने नए साल के मौके पर युवती की हत्या करने वाले उसके फूफा को नीरज को गिरफ्तार किया है। युवती की शव वैशाली के पोडियम पार्क में मिला था, चाकूओं से गोदकर युवती की हत्या की गई थी। बाद में युवती की पहचान भोवापुर में रहने वाली सोनी के रूप में हुई थी और उसके पिता सुनील ने नीरज के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हत्यारा नीरज पुत्र बृहम सिंह बुलंदशहर जनपद के जहांगीराबाद थानाक्षेत्र में कल्याणपुर गांव का रहने वाला है और पांच साल से भोवापुर गांव में रहता है। वह नोएडा की एक फैक्ट्री में और घर पर भी है ?सिलाई का काम करता है। रिश्ते के साले की बेटी सोनी, जो घरों में काम करती थी, वह भी नीरज के साथ सिलाई का काम करती थी और इसी बीच दोनों में संबंध हो गए थे। चार बच्चों का पिता नीरज वर्षों तक उसके शरीर से खेलता रहा। नीरज के मुताबिक सोनी के पिता ने उसकी कहीं शादी तय कर दी, लेकिन सोनी नीरज के साथ ही शादी करना चाहती थी और उस पर अपने परिवार को छोड़कर शादी के लिए दवाब बना रही थी।



# ओयो होटल में अब लव जोड़ों को नहीं मिलेगी एंट्री, जिले में 192 होटल हो चुके सील

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ओयो होटलों में ठहरने की योजना बना रहे अविवाहित जोड़ों के लिए बुरी खबर है। ओयो ने नई नीति लागू की है, जिसमें अब अविवाहित जोड़ों को चेक-इन की इजाजत नहीं होगी। इसका मतलब होटल के कमरे में एंट्री सिर्फ उन्हीं को मिलेगी, जो पति-पत्नी हैं। दरअसल ओयो की ओर से होटलों के लिए नई पॉलिसी के मुताबिक कोई जोड़ा यदि होटल में चेक- इन करना चाहता है तो उन्हें आपसी रिश्ते का प्रमाण देना होगा। ऑनलाइन बुकिंग तो करा सकते हैं लेकिन रिश्ते का प्रमाण प्रस्तुत न करने की स्थिति में जोड़े चेक इन नहीं कर सकेंगे।




गाजियाबाद में अवैध रूप से संचालित हो रहे 192 होटलों के सील होने के बाद कंपनी की यह पॉलिसी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि कंपनी ये पॉलिसी अभी मेरठ में लागू की है। कंपनी ने यह निर्णय स्थानीय सामाजिक संवेदनशीलता को देखते हुए लिया है। ओयो कंपनी ने अपने पार्टनर होटलों को निर्देश दिए हैं कि अविवाहित जोड़ों की बुकिंग वह तब तक स्वीकार न करें जब तक कि आपसी रिश्ते का कोई मान्य प्रमाण न प्रस्तुत किया जाए।

# रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उद्घाटन कार्यक्रम में निगम ने निभाई अहम भूमिका

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। व्यवस्था में सभी अधिकारी और टीम मौजूद रही। नगर निगम लगातार कार्यक्रम से पहले एवं कार्यक्रम के बाद भी व्यवस्था में जुटा दिखाई दिया। मोहन नगर तिराहे से लेकर यूपी गेट तक नगर निगम अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संभाले रखा। नियमित होने वाले कार्यों के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी आवश्यकता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कराया गया। निर्माण विभाग मरम्मत के कार्य डेंट पेंट के कार्य, जलकल विभाग नियमित पानी का छिड़काव का कार्य, प्रकाश विभाग द्वारा मार्ग को सुंदर लाइटों से सजाया गया एवं नियमित लाइटों को व्यवस्थित करने के कार्य को रफ्तार दी गई। इसी के साथ-साथ उद्यान विभाग द्वारा भी नियमित ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज के कार्यों पर विशेष बल देते हुए ग्रीनरी को बढ़ाया गया और निर्धारित रूट पर रंग बिरंगी फूल गमले में अन्य कार्य कराए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित सफाई के साथ-साथ अन्य सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम विभाग नियमित कार्य तो शहर हित में कर ही रहा हैं। इसके अलावा देखने में आया अतिथियों का आगमन हो या त्योहार शहर के सम्मान में नगर निगम के अधिकारी व्यवस्था में बने रहते हैं। रैपिड रेल मैनेजमेंट सिस्टम के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर नगर निगम के सभी विभाग रात दिन व्यवस्था में दिखाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम की अहम भूमिका रही। शहर के सम्मान में आयोजित कोई भी कार्यक्रम सफलता और शानदार तरीके से संपन्न हो निगम की अहम भूमिका दिखाई देती है। लगातार नगर आयुक्त खुद भी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में दिखाई दिए। कार्यक्रम के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को मोटिवेट भी किया गया और शहर हित में लगातार इसी प्रकार कार्य करने के लिए दिन-रात मेहनत करें निर्देशित किया गया।

> अतिथियों का आगमन हो या फिर त्योहार सम्मान के साथ व्यवस्था में रहते हैं विभाग

